Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 13 | बुधवार, 14 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सोमनाथ मंदिर को लेकर अमित शाह का बड़ा बयान

# 'सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं, यह अमर है'

नई दिल्ली।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और जनमानस की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। उन्होंने सदियों से सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने के बार-बार प्रयासों के बावजूद इसके पुनर्निर्माण का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर पर हमला करने वाले अंततः गायब हो गए, लेकिन मंदिर आज भी गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में समुद्र तट पर उसी स्थान पर शान से खड़ा है। वह गांधीनगर जिले के मानसा में 267 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि 16 बार नष्ट होने के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज भी शान से खड़ा है और उसका झंडा आसमान में लहरा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वहां एक भव्य सोमनाथ कारिडोर का निर्माण भी किया जा रहा है। यह पूरी दुनिया को संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और भारतीय जनता की आस्था को मिटाना इतना आसान नहीं है।



### 'पूरे साल मनाया जाएगा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'

उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे साल मनाया जाएगा। देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक हजार साल पहले हमारे भव्य सोमनाथ मंदिर को महमूद गजनी ने नष्ट कर दिया था। इसके बाद अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, महमूद बेगड़ा और औरंगजेब जैसे अन्य आक्रमणकारियों ने इस पर बार–बार हमले किए। लेकिन मंदिर का हर बार पुनर्निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि विध्वंसक विनाश में विश्वास रखते थे, और निमार्ता सृजन में। शाह ने कहा कि आजादी के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल, जामनगर के महाराजा केएम मुंशी और देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद के प्रयासों से इस मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ।

## 'आरटीई के तहत 25 प्रतिशत आरक्षण लागू करना राष्ट्रीय मिशन हो'



नई दिल्ली।


सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के बच्चों को शिक्षा में प्रवेश देना राष्ट्रीय मिशन" होना चाहिए। कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे निजी गैर-अल्पसंख्यक, अनुदान-रहित स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षण के प्रविधान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए स्पष्ट नियम और विनियम तैयार करें। न्यायमूर्ति पीएम नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के बच्चों को प्रवेश देना संबंधित सरकार और स्थानीय प्राधिकरण का दायित्व है। साथ ही, अदालतों को भी ऐसे मामलों में अभिभावकों को त्वरित और प्रभावी राहत देने के लिए एक कदम अतिरिक्त" चलना चाहिए। पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि 2016 में सीटें उपलब्ध होने के बावजूद उसके बच्चों को पड़ोस के स्कूल में आरटीई के तहत मुफ्त शिक्षा में प्रवेश नहीं मिला।

## शिलांग में ट्रैफिक होमगार्ड ने कारवाले से वसूले 15 हजार रुपये, हुआ गिरफ्तार



नई दिल्ली। शिलांग में एक ट्रैफिक होमगार्ड को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि असम के सिलचर से आए एक विजिटर से नो-एंट्री जोन में गाड़ी चलाने के लिए जुमार्ने के तौर पर 15,000 रुपये जबरदस्ती वसूले। शहर के मदनटिंग इलाके में एक पुरानी मारुति 800 कार के नो-एंट्री जोन में घुसने के बाद, ट्रैफिक डिपार्टमेंट से जुड़े होम गार्ड ने ड्राइवर को रुकने का इशारा किया। जब कार नहीं रुकी तो होमगार्ड ने मोटरसाइकिल से उसका पीछा किया और उसे रोक लिया। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कथित तौर पर होमगार्ड को विजिटर्स को धमकाते और पैसे मांगते हुए सुना जा सकता है। वह टूटी-फूटी हिंदी में कह रहा है, रलाख लाख का फाइन है, कितना दे सकता है? अगर अमाउंट होगा तो हम बोलेगा, नहीं होगा तो केस पे डाल देगा।

## तेलंगाना के एक गांव में 500 आवारा कुत्तों की हत्या



नई दिल्ली।

तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में आवारा कुत्तों की हत्या की एक नई घटना सामने आई है। यहां लगभग 200 कुत्तों की हत्या कर दी गई। इस तरह से राज्य में पिछले एक सप्ताह में मरने वाले कुत्तों की संख्या लगभग 500 हो गई है।

गांवों के सूत्रों ने बताया कि कुछ निर्वाचित प्रतिनिधियों ने हाल ही में हुए ग्राम पंचायत चुनावों के दौरान आवारा कुत्तों के खतरे से ग्रामीणों को छुटकारा दिलाने का वादा किया था। इसी वादे को पूरा करने के लिए कुत्तों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में पांच ग्राम सरपंचों सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले हनमकोंडा जिले की पुलिस ने श्यामपेट और अरेपल्ली गांवों में लगभग 300 आवारा कुत्तों की हत्या के संबंध में दो महिला सरपंचों और उनके पतियों सहित नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पिछले साल दिसंबर 2025 में हुए ग्राम पंचायत चुनावों से पहले कुछ उम्मीदवारों ने ग्रामीणों से आवारा कुत्तों और बंदरों के आतंक से निपटने का वादा किया था। सूत्रों के अनुसार, अब वे आवारा कुत्तों को मारकर अपने वादे पूरे कर रहे हैं।

## उत्तराखंड के मेडिकल कॉलेजों में 365 असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती जल्द

देहरादून।



उत्तराखंड के राजकीय मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की बड़ी कमी जल्द दूर हो सकेगी। राज्य सरकार ने सात राजकीय मेडिकल कालेजों में 365 असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती का निर्णय लिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने संकायवार रोस्टर सहित भर्ती प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। 365 पदों में अनुसूचित जाति के 115, अनुसूचित जनजाति के 10, अन्य पिछड़ा वर्ग के 67, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 37 तथा अनारक्षित वर्ग के 136 पद शामिल हैं। प्रदेश में इस समय सात राजकीय मेडिकल कालेज हैं। इन कालेजों में लंबे समय से फैकल्टी की कमी बनी हुई है। इन राजकीय मेडिकल कालेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 567 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से केवल 202 पदों पर ही स्थायी फैकल्टी कार्यरत है, जबकि 365 पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। अब इन पदों को नियमित भर्ती के माध्यम से भरने की तैयारी है। स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य सभी राजकीय मेडिकल कालेजों में शत-प्रतिशत स्थायी फैकल्टी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य से लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

### कड़ाके की ठंड

## हरिद्वार गंगा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, देवडोलियों ने किया स्नान

हरिद्वार।


कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच मकर संक्रांति स्नान पर्व के लिए श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। इस वर्ष संक्रांति और एकादशी का शुभ फलदायी संयोग बन रहा है। माघ मकर संक्रांति स्नान पर्व की शुरआत घने कोहरे और भयंकर ठंड के बीच हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे। ढोल और दमाऊं की थाप के बीच देव डोलियों को लाया गया। और गंगा में स्नान कराया गया। श्रद्धाल हर की पैड़ी गंगा घाट पर पहुंचे। भीषण ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं दिखा। तड़के से गंगा के सभी घाटों पर लोग स्नान दान और पूजा करते देखे गए। गंगा घाट पर आरती की गई । सूर्य का दक्षिणायन से उत्तरायण में आना और एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करना ही मकर संक्रांति कहलाता है। इस वर्ष संक्रांति और एकादशी का शुभ फलदायी संयोग बन रहा है। इस विशेष मुहूर्त में स्नान को उत्तम बताते हुए ज्योतिषविद महात्म्य बता रहे हैं। नारायण ज्योतिष संस्थान के ज्योतिषाचार्य आचार्य विकास जोशी ने बताया कि आज बुधवार को दोपहर 3 बजकर 7 मिनट पर सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे।उत्तरायण काल को शास्त्रों में शुभ माना गया है।



## भारत में 3,682 बाघ, यह दुनिया में कुल आबादी का करीब 75 फीसदी

नई दिल्ली।

एनटीसीए के आंकड़ों के अनुसार, 2012 से 2025 के बीच दर्ज 1,581 बाघ मौतों में से 52.5% घटनाएं टाइगर रिजर्व के भीतर और 47.5% रिजर्व के बाहर हुईं। विशेषज्ञों के मुताबिक, बिजली करंट, सड़क और रेल हादसे भी बाघ मौतों की बड़ी वजह हैं। भारत की बाघ संरक्षण नीति को बड़ी सफलता मिली है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में देश में कुल 167 बाघों की मौत दर्ज की गई, जिनमें 31 शावक शामिल हैं। इसके बावजूद पिछले चार वर्षों में बाघों की कुल आबादी के अनुपात में मृत्यु दर 5 फीसदी से नीचे बनी हुई है, जिसे संरक्षण के लिहाज से सकारात्मक माना जा रहा है। यह दुनिया में जंगली बाघों की कुल आबादी का लगभग 75 फीसदी है। आंकड़ों के अनुसार, बाघ मौतों का सबसे खराब साल 2023 रहा, जब 182 बाघों की मौत हुई थी।इसके बाद 2024 में 126 और 2022 में 122 बाघों की मौत दर्ज की गई। 2022 के आकलन में बाघों की वार्षिक वृद्धि दर 6.1 फीसदी रही, जो प्राकृतिक मौतों और अन्य कारणों से होने वाले नुकसान की भरपाई करने में सक्षम है। वर्ष 2006 में जहां देश में केवल 1,411 बाघ थे, वहीं 2022 तक यह संख्या बढ़कर 3,682 पहुंच गई। पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघों के पुनर्स्थापन से जुड़े रहे सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी आर श्रीनिवास मूर्ति ने कहा कि जब बाघों की संख्या बढ़ती है, तो मौतों की संख्या में भी कुछ वृद्धि स्वाभाविक है।



**मृत्यु दर 5% घटी**

## बंगाल और असम से जल्द शुरू होगी अमृत भारत एक्सप्रेस





नई दिल्ली।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को घोषणा की कि बंगाल और असम से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए जल्द ही नौ अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की जाएंगी। वैष्णव ने अपने इंटरनेट मीडिया हैंडल पर इन ट्रेनों के शुरूआती और अंतिम स्टेशनों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि ये ट्रेनें बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र को बंगाल और असम से जोड़ेंगी। ये ट्रेनें गुवाहाटी (कामाख्या)-रोहतक, डिब्रूगढ़-लखनऊ (गोमती नगर), न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोइल, न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली, अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु, अलीपुरद्वार-मुंबई (पनवेल), कोलकाता (संतरागाछी)-तंबरम, कोलकाता (हावड़ा)-आनंद विहार टर्मिनल और कोलकाता (सियालदह)-बनारस को जोड़ेंगी। रेलवे द्वारा किफायती लंबी दूरी की कनेक्टिविटी के विस्तार के निरंतर प्रयासों के तहत, प्रमुख मार्गों पर नौ अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाएं शुरू की जा रही हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस रोजमर्रा के यात्रियों के लिए वरदान साबित हुई है। मंत्रालय ने कहा कि दिसंबर 2023 में शुरू होने के बाद से 30 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें परिचालन में हैं और केवल एक सप्ताह के भीतर नौ नई सेवाएं जोड़ी जाएंगी।

## बंगाल और असम से जल्द शुरू होगी अमृत भारत एक्सप्रेस

नई दिल्ली।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को घोषणा की कि बंगाल और असम से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए जल्द ही नौ अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की जाएंगी। वैष्णव ने अपने इंटरनेट मीडिया हैंडल पर इन ट्रेनों के शुरूआती और अंतिम स्टेशनों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि ये ट्रेनें बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र को बंगाल और असम से जोड़ेंगी। ये ट्रेनें गुवाहाटी (कामाख्या)-रोहतक, डिब्रूगढ़-लखनऊ (गोमती नगर), न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोइल, न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली, अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु, अलीपुरद्वार-मुंबई (पनवेल), कोलकाता (संतरागाछी)-तंबरम, कोलकाता (हावड़ा)-आनंद विहार टर्मिनल और कोलकाता (सियालदह)-बनारस को जोड़ेंगी। रेलवे द्वारा किफायती लंबी दूरी की कनेक्टिविटी के विस्तार के निरंतर प्रयासों के तहत, प्रमुख मार्गों पर नौ अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाएं शुरू की जा रही हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस रोजमर्रा के यात्रियों के लिए वरदान साबित हुई है। मंत्रालय ने कहा कि दिसंबर 2023 में शुरू होने के बाद से 30 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें परिचालन में हैं और केवल एक सप्ताह के भीतर नौ नई सेवाएं जोड़ी जाएंगी। मंत्रालय ने कहा कि अमृत भारत एक्सप्रेस की नई सेवाएं पूर्वी और उप-हिमालयी क्षेत्रों से दक्षिण, पश्चिम और मध्य भारत के प्रमुख गंतव्यों तक रेल संपर्क का विस्तार करेंगी।



## संपादक की कलम से

# ईरानी नरसंहार के बाद

ईरान में अब बगावत या विद्रोह नहीं, बल्कि नरसंहार जारी है। एक आंकड़ा है कि अभी तक करीब 650 मौतें हो चुकी हैं, जबकि पश्चिमी मीडिया 6000 से अधिक मौतों की खबर दे रहा है। कथित क्रांतिवीर इरफान को फांसी की सजा सुनाई गई है। ईरानी पुलिस ने 11,000 से अधिक विद्रोहियों को गिरफ्तार किया है अथवा हिरासत में रखा है। सडकों पर 15-18 लाख विद्रोही आंदोलित हैं। लोग जिंदा जलाए जा रहे हैं।



ललित शर्मा
संपादक

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक कर्नल की विद्रोहियों ने हत्या कर दी है। मस्जिदें, बैंक, सरकारी इमारतें, पुलिस स्टेशन जलाए गए हैं। गवर्नर आवास भी आगजनी का शिकार हुआ है। ईरानी हुकूमत ने विद्रोहियों को देखते ही गोली मार देने के आदेश जारी किए हैं। विद्रोहियों को सजा-ए-मौत भी दी जा सकती है। इन ऐलानों के बावजूद लाखों युवाओं के हुजूम सुप्रीम धार्मिक नेता खामेनेई का तख्तापलट करने पर आमादा हैं। सडकों पर खामेनेई समर्थक भी फैल गए हैं। आंदोलन महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक पतन, ढहती मुद्रा रियाल आदि के खिलाफ शुरू हुआ था, लेकिन अब उसने अंतरराष्ट्रीय रूप ले लिया है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार ईरानी हुकूमत को धमका रहे हैं कि कभी भी हमला किया जा सकता है। एक ओर अमरीका है, तो दूसरी ओर ईरान के साथ रूस, चीन सरीखी महाशक्तियां हैं। बीच में खबर आई थी कि खामेनेई अपने परिवार और घोर समर्थक 20 लोगों के साथ मॉस्को भाग सकते हैं, लेकिन वह अब भी ईरान के बेहद सुरक्षित ठिकाने के भीतर हैं और बेहद घातक बल के जवान उनकी सुरक्षा में मोचाबंद हैं। ईरान वेनेजुएला नहीं है, लिहाजा ट्रंप किसी मुगालते में न रहें। ईरान एक ताकतवर और प्रशिक्षित सेना वाला देश है। उसके पास परमाणु सम्मत मिसाइल भी है, जिसका एक चित्र मीडिया में दिखाया गया था। ईरान ने ऐलान किया है कि यदि अमरीका ने हमला किया, तो ईरान अपने आसपास के 19 अमरीकी बेसों पर हमला कर उन्हें तबाह कर देगा। लिहाजा राष्ट्रपति ट्रंप जरा खुद को संयमित रखें और दूसरे देशों को हड़पने की रणनीति फिलहाल शांत कर दें, क्योंकि उनके टैरिफवाद पर सुप्रीम अदालत का फैसला आने वाला है और अमरीका में ही सैकड़ों शहरों में ट्रंप-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। लोकतंत्र में जनता का हुजूम कोई भी करवट ले सकता है। सत्ताएं पलट जाती हैं। बेशक ईरान बहुत तेजी से विपन्नता की ओर बढ़ा है। जनवरी, 2026 में ही वहां की खाद्य मुद्रास्फीति 70-85 फीसदी तक उछल चुकी है। एक डॉलर की कीमत 14.20 लाख ईरानी रियाल हो गई है। गरीबी दर करीब 40 फीसदी है और देश की विकास दर मात्र 0.6 फीसदी है। खाने-पीने की चीजें दुर्लभ हो गई हैं। भारत के संदर्भ में देखें, तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों का आपसी कारोबार करीब 1.68 अरब डॉलर रहा। भारत को करीब 0.80 अरब डॉलर का व्यावसायिक लाभ हुआ। भारत ईरान को चावल, चीनी, चाय, दवाइयां, इलेक्ट्रोनिक मशीनरी, कृत्रिम फाइबर आदि निर्यात करता है, जबकि ईरान से सूखे मेवे, रसायन, कांच से बने उत्पाद भारत को भेजे जाते हैं। ईरान सबसे अधिक कच्चा तेल आपूर्ति वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। यदि ईरान संकट का असर होर्मुज जलडमरूमध्य तक पहुंचता है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होगी। दुनिया के करीब 20 फीसदी कच्चे तेल की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी से ज्यादा तेल आयात करता है। ऐसे में तेल महंगा हो सकता है।

## कविता

### आराम है हरामधान में करो

उदय किशोर साह



जागो वत्स खुद को तुम पहचानों
अपनी युवा शक्ति को भी जानों
तेज है तेरी शक्ति की अनुपम धार
खुद से खुद पर करो कर्म की प्रहार

मुसीबत से है ना कभी भी घबराना
उम्मीदों की दीपक सदैव ही जलाना
बुझा ना पायेगी तेज आँधी की बयार
एक दिन हो जायेगी मुसीबत की हार

कठिन नहीं है जग का कोई भी काम
मिहनत है करना नित्य सुबह शाम
बुला रही है तेरी मंजिल की धाम
चलना है जीवन आराम है हराम

वो देखो आसमां पे हँसते हुए तारे
ठोकर जीवन की होंगें गर्दिश में सारे
अपनी जिद को करना है प्रणाम
मिल जायेगी सफलतायें तमाम

युवा शक्ति को मेरा है हजारों नमस्कार
ये करता है सपनों को एक दिन साकार
कठिन मिहनत है जिनका व्यापार
हरा ना पायेगी इनको ये जग संसार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भजन-राज यानी भरोसे के शासन में राजस्थान के नये आयाम



ललित गर्ग

राजस्थान की राजनीति में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हालिया दौरा किसी औपचारिक कार्यक्रम या शिष्टाचार भर तक सीमित नहीं था, वह एक स्पष्ट राजनीतिक संकेत, एक भरोसे की सार्वजनिक मुहर और एक स्थायित्व का उद्घोष था। जाते-जाते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पीठ थपथपाकर अमित शाह ने यह जता दिया कि प्रदेश की कमान अब पूरी तरह ऐसे नेतृत्व के हाथों में है, जिस पर केंद्रीय आलाकमान को केवल विश्वास ही नहीं, बल्कि गहरा संतोष भी है। जिसे कभी राजनीतिक गलियारों में सरप्राइज पैकेज कहकर देखा गया था, वही नेतृत्व आज राजस्थान की स्थिरता, सुशासन और भविष्य की ठोस नींव के रूप में स्थापित हो चुका है और राजस्थान की स्वर्णगाथा लिखने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक विशिष्ट और लगातार सफल रहा प्रयोग यह रहा है कि वे सत्ता और संगठन में नए चेहरों को निर्णायक जिम्मेदारियां सौंपने से नहीं हिचकते। पर्दे के पीछे वर्षों तक ईमानदारी और निष्ठा से काम करने वाले कार्यकताओं को अचानक मुख्यमंत्री, उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष या राज्यपाल जैसे पदों पर आसीन करना मोदी की राजनीतिक शैली का साहसिक पक्ष रहा है। इन निर्णयों ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि राजनीति में अनुभव के साथ-साथ चरित्र, प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति निष्ठा भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। राजस्थान में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाना भी ऐसा ही एक निर्णय था, जिसने आरंभ में अनेक लोगों को आश्चर्य में डाला। किंतु समय ने सिद्ध कर दिया कि यह निर्णय भावनात्मक नहीं, बल्कि गहरी राजनीतिक समझ और दूरदृष्टि पर आधारित था। मुख्यमंत्री पद संभालते ही भजनलाल शर्मा ने यह साफ कर दिया कि वे सत्ता को साधन मानते हैं, साध्य नहीं। उनका एजेंडा कुर्सी बचाने का नहीं, बल्कि व्यवस्था बदलने का है। राजस्थान लंबे समय तक गुटीय राजनीति, शक्ति-संतुलन और पर्दे के पीछे चलने वाले समीकरणों से जूझता रहा है। सत्ता के भीतर ही सत्ता को चुनौती देने वाली प्रवृत्तियां यहां सामान्य रही हैं। भजनलाल शर्मा ने बिना किसी टकराव, बिना शोर-शराबे और बिना किसी को अपमानित किए, इन सभी प्रवृत्तियों को धीरे-धीरे अप्रासंगिक कर दिया। उन्होंने शासन को व्यक्ति-केंद्रित नहीं, बल्कि प्रणाली-केंद्रित बनाया। यही कारण है कि आज निर्णय तेजी से होते हैं, उन पर अमल भी होता है और उनकी जवाबदेही भी तय होती है। उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी पहचान जीरो टॉलरेंस की नीति है, जो केवल कागजों या भाषणों तक सीमित नहीं रही। विशेष रूप से पेपर लीक माफिया के खिलाफ की गई कार्रवाई ने सरकार की मंशा और मुख्यमंत्री के साहस को स्पष्ट रूप से उजागर किया। वर्षों से यह माफिया लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता रहा, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते उस पर हाथ डालने का साहस कोई नहीं कर पाया। भजनलाल शर्मा ने सत्ता संभालते ही इस समस्या को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया। एसआईटी के गठन, त्वरित जांच, बड़े नामों की गिरफ्तारी और बिना किसी दबाव के निष्पक्ष कार्रवाई ने यह सिद्ध कर दिया कि यह सरकार केवल घोषणाओं में नहीं, परिणामों में विश्वास रखती है। इससे न केवल युवाओं का भरोसा लौटा, बल्कि यह संदेश भी गया कि अब राजस्थान में कानून से बड़ा कोई नहीं है। इसी प्रकार, दशकों से प्यास से जूझ रहे राजस्थान के लिए ईआरसीपी परियोजना पर मध्य प्रदेश के साथ हुआ ऐतिहासिक समझौता मुख्यमंत्री की राजनीतिक परिपक्वता और संवाद क्षमता का प्रमाण है। जिस योजना को वर्षों तक केवल चुनावी वादों और फाइलों में उलझाकर रखा गया था, उसे



उन्होंने केंद्र सरकार के सहयोग और पड़ोसी राज्य के साथ सकारात्मक संवाद के जरिए वास्तविकता में बदलने का मार्ग प्रशस्त किया। यह निर्णय बताता है कि भजनलाल शर्मा टकराव की राजनीति के बजाय समाधान की राजनीति में विश्वास रखते हैं। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर भी उनकी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराध और अपराधियों के लिए अब कोई नरमी नहीं है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन, संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपराधियों में कानून का भय-ये सभी कदम इस बात के प्रमाण हैं कि राज्य में सत्ता का इकबाल लौट रहा है। आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है और अपराधी खुद को असुरक्षित। यह सुशासन का सबसे ठोस संकेत होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को राजस्थान में जमीन पर उतारने में भी मुख्यमंत्री की सक्रियता स्पष्ट दिखाई देती है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचें, यह केवल नारा नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्राथमिकता बनी है। फैसलों में स्पष्टता, गति और निष्पक्षता-इन तीनों का संतुलन उनकी कार्यशैली को विशिष्ट बनाता है। यही कारण है कि विपक्ष भी आज ठोस आलोचना के बिंदु खोजने में असहज नजर आता है। भजनलाल शर्मा के शासन की चर्चा करते समय उनके चारित्रिक और व्यक्तिगत गुणों का उल्लेख अत्यंत आवश्यक है। राजनीति में जहां दिखावा, आडंबर और अहंकार आम बात हो चली है, वहीं भजनलाल शर्मा अपनी सरलता, सहजता और सादगीपूर्ण जीवनशैली के लिए पहचाने जाते हैं। सत्ता में आने के बाद भी उनके व्यवहार, भाषा और जीवन-शैली में कोई कृत्रिम बदलाव नहीं आया। वे निर्णय लेते समय दृढ़ होते हैं, लेकिन संवाद में विनम्र रहते हैं। उनका राजनीतिक कौशल शोर में नहीं, बल्कि परिणामों में दिखाई देता है। वे जानते हैं कि कब कठोर होना है और कब संयम रखना है। यही संतुलन उन्हें भीड़ से अलग करता है। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यकताओं के प्रति सम्मान और जनता के प्रति उत्तरदायित्व-ये सभी गुण उनके नेतृत्व को नैतिक आधार प्रदान करते हैं।

राजस्थान के अब तक के मुख्यमंत्रियों का शासन बहुआयामी अनुभवों से भरा रहा है, जिसमें प्रशासनिक दक्षता, सामाजिक न्याय, विकासात्मक प्राथमिकताओं और राजनीतिक स्थिरता-इन सभी के विविध रूप देखने को मिलते हैं। हीरालाल शास्त्री और जय नारायण व्यास जैसे प्रारंभिक मुख्यमंत्रियों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रशासनिक ढांचे की नींव रखी। मोहनलाल सुखाड़िया का दीर्घकालीन शासन सिंचाई, पंचायतीराज और सामाजिक सुधारों के लिए स्मरणीय रहा, जिसे आधुनिक राजस्थान की आधारशिला माना जाता है। बाद के वर्षों में हरिदेव जोशी, शिवचरण माथुर और अशोक गहलोत ने कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा-स्वास्थ्य और विकेंद्रीकरण पर बल दिया, जबकि भैरोंसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे के शासन में आधारभूत संरचना, औद्योगिक निवेश, सड़क-बिजली और प्रशासनिक सख्ती पर अधिक जोर दिखा। इन सबके तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में भजनलाल शर्मा का शासन अपेक्षाकृत नया होते हुए भी सुशासन, अनुशासन और डिलीवरीह्व के संकल्प के साथ आगे बढ़ता दिखाई देता है। उनका फोकस प्रशासनिक चुस्ती, कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, केंद्र-राज्य समन्वय और योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर है। पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों के शासन जहाँ दीर्घ अनुभव और स्थापित नीतिगत पहचान के लिए जाने जाते हैं, वहीं भजनलाल शर्मा का शासन अपेक्षाओं, परिणामोन्मुखी कार्यसंस्कृति और नई कार्यशैली के परीक्षण के दौर में है। इस प्रकार राजस्थान की राजनीति में उनका कार्यकाल परंपरा और परिवर्तन-दोनों के बीच एक सेतु की तरह देखा जा सकता है, जहाँ पूर्व शासनों की उपलब्धियों से सीख लेकर भविष्य के लिए अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी शासन मॉडल गढ़ने का प्रयास परिलक्षित होता है। आज राजस्थान में भजन राज का अर्थ केवल सत्ता का संचालन नहीं, बल्कि भरोसे का शासन है।

# माँ-बाप की नीयत, परवरिश और टूटते घर

भारतीय समाज में माता-पिता को सर्वोच्च नैतिक स्थान प्राप्त है। उन्हें त्याग, तपस्या और निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक माना जाता है। बचपन से ही यह सिखाया जाता है कि माँ-बाप कभी गलत नहीं हो सकते। उनकी हर बात आदेश है, हर निर्णय अंतिम सत्य। लेकिन बदलते सामाजिक परिदृश्य में यह धारणा अब कई सवालों के घेरे में है। आज जब पारिवारिक विघटन, तलाक, अलगाव और घरेलू तनाव की घटनाएँ बढ़ रही हैं, तब यह जरूरी हो गया है कि हम ईमानदारी से यह स्वीकार करें—माँ-बाप भी हमेशा सही नहीं होते। आज अनेक परिवारों में टूटन का कारण केवल पति-पत्नी के बीच का मतभेद नहीं है, बल्कि उसके पीछे माता-पिता की भूमिका भी उतनी ही निर्णायक होती जा रही है। यह कहना कठोर लग सकता है, लेकिन सच्चाई यही है कि कई घरों में माता-पिता द्वारा किया गया पक्षपात, हस्तक्षेप और नियंत्रण रिश्तों को भीतर से खोखला कर रहा है। सबसे पहले बात करते हैं भेदभाव की संस्कृति की। भारतीय परिवारों में यह कोई नई बात नहीं है कि बच्चों के बीच तुलना और पक्षपात होता रहा है। बड़ा बेटा वारिस माना जाता है, छोटा समझौता करता है, बेटी पराया धन होती है और बहू बाहरी। यही सोच जब व्यवहार में उतरती है, तो घर में स्थायी तनाव पैदा हो जाता है। माता-पिता अनजाने में या जानबूझकर एक बेटे के पक्ष में खड़े हो जाते हैं, दूसरे को उपेक्षित कर देते हैं। बहू को हर विवाद की जड़ मान लिया जाता है, जबकि बेटी के दोष पर पर्दा डाल दिया जाता है। यह असमानता रिश्तों को धीरे-धीरे तोड़ देती है। विवाह के बाद बहू का स्थान आज भी कई घरों में संदिग्ध बना रहता है। उससे उम्मीद की जाती है कि वह बिना सवाल किए हर परंपरा को स्वीकार करे, हर निर्णय माने और अपनी पहचान को त्याग दे। यदि वह अपने अधिकार, सम्मान या स्वतंत्रता की बात करती है, तो उसे घर तोड़ने वाली करार दे दिया जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि कई बार घर पहले ही भीतर से टूट चुका होता है—सिर्फ दिखावा बचा होता है। माता-पिता का अत्यधिक हस्तक्षेप भी आज पारिवारिक विघटन का बड़ा कारण बन रहा है। बेटे-बहू के निजी मामलों में दखल देना, छोटी-छोटी बातों को तूल देना, बहू की शिकायतों को नजरअंदाज करना और बेटे को भावनात्मक दबाव में रखना—ये सब स्थितियाँ विवाह को बोझ बना देती हैं। बेटा अक्सर दो पाटों के बीच फँस जाता है—एक ओर पत्नी, दूसरी ओर माता-पिता। और समाज उसे यही सिखाता है कि माता-पिता का साथ देना ही धर्म है, चाहे इसके लिए दांपत्य जीवन की बलि क्यों न देनी पड़े। यह भी देखने में आता है कि बेटी की शादी के बाद भी माता-पिता उसे अपने नियंत्रण में रखना चाहते हैं। बेटी को बार-बार मायके बुलाकर, उसके वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप कर, दामाद के खिलाफ राय बनाकर, वे अनजाने में बेटी का घर कमजोर कर देते हैं। नतीजा यह होता है कि बेटी और दामाद के बीच अविश्वास पनपता है, औ अंततः रिश्ता टूटने की कगार पर पहुँच जाता है। एक और गंभीर पहलू है भावनात्मक ब्लैकमेल। हमने तुम्हारे लिए क्या-क्या नहीं किया, हमारे कारण तुम इस मुकाम पर हो, अगर हमारी बात नहीं मानी तो लोग क्या कहेंगे—ऐसे वाक्य बच्चों को मानसिक रूप से जकड़ लेते हैं। वे अपनी खुशी, अपने रिश्ते और अपने सपनों की कीमत पर भी माता-पिता को खुश रखने की कोशिश करते हैं। लेकिन यह दबा हुआ असंतोष किसी न किसी दिन विस्फोट बनकर सामने आता है।



डॉ. प्रियंका सौरभ

समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब समाज भी इस मानसिकता को बढ़ावा देता है। हर विवाद में सबसे पहले सवाल बहू से किया जाता है—क्या किया तुमने? बेटे को मजबूर मान लिया जाता है और माता-पिता को पीड़ित। इस सामूहिक पूर्वाग्रह के कारण सच्चाई कभी सामने नहीं आ पाती। जिन घरों में माता-पिता की भूमिका नकारात्मक होती है, वहाँ भी उन्हें प्रश्नों से ऊपर रखा जाता है। यह कहना भी जरूरी है कि हर माता-पिता दोषी नहीं होते। असंख्य माता-पिता ऐसे हैं जो संतुलित, संवेदनशील और न्यायप्रिय होते हैं। वे बच्चों को स्वतंत्र निर्णय लेने देते हैं, बहू-दामाद को सम्मान देते हैं और संवाद को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन समस्या उन माता-पिता की है जो अपने अनुभव को अंतिम सत्य मान लेते हैं और बदलते समय को स्वीकार करने से इनकार कर देते हैं। आज का युवा अलग सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में जी रहा है। उसके सामने करियर का दबाव है, आर्थिक असुरक्षा है, बदलते रिश्तों की चुनौतियाँ हैं। ऐसे में उसे सहयोग चाहिए, नियंत्रण नहीं। उसे समझ चाहिए, आदेश नहीं। माता-पिता यदि यह समझने में असफल रहते हैं, तो टकराव स्वाभाविक है। परिवार संस्था को बचाने के लिए सबसे जरूरी है आत्ममंथन। माता-पिता को यह स्वीकार करना होगा कि उम्र के साथ-साथ अधिकार नहीं, जिम्मेदारी बढ़ती है। मार्गदर्शन और हस्तक्षेप में अंतर होता है। बच्चों की शादी का अर्थ यह नहीं कि वे हमेशा माता-पिता की इच्छाओं के अनुसार ही जिएँ। उन्हें अपनी गलतियों से सीखने का अवसर देना भी परवरिश का हिस्सा है। साथ ही, बच्चों को भी यह समझना होगा कि संवाद ही समाधान है। टकराव, कटुता और अलगाव स्थायी समाधान नहीं हैं। लेकिन संवाद तभी संभव है जब माता-पिता भी सुनने को तैयार हों—बिना जजमेंट, बिना अहंकार। आज जरूरत है कि हम माँ-बाप हमेशा सही होते हैं जैसी भावनात्मक लेकिन अव्यावहारिक धारणाओं से बाहर आएँ। सम्मान और प्रश्न एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। माता-पिता का सम्मान करते हुए भी उनकी भूमिका की समीक्षा की जा सकती है। यही स्वस्थ समाज की पहचान है। घर टूटने का कारण कभी एक व्यक्ति नहीं होता। यह कई गलत फैसलों, दबे हुए दर्द और अनसुनी आवाजों का परिणाम होता है। यदि सच में हम परिवारों को टूटने से बचाना चाहते हैं, तो हमें साहस के साथ यह स्वीकार करना होगा कि कभी-कभी आईना माता-पिता को भी दिखाना पड़ता है।

# आग लगाती इतिहास का भूल भुलैया

रवि अरोड़ा

लीजिए अब राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी वही सब दोहराने लगे जो सांप्रदायिक मानसिकता वाले नेता जमाने से कहते आ रहे हैं। दिल्ली के एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल भारत द्वारा कभी किसी देश पर हमला न करने और मध्य युग में मंदिरों को तोड़े जाने जैसी बातें दोहराकर युवाओं का आह्वान कर गए कि युवा अपने अंदर आग पैदा करें और इतिहास की दर्दनाक घटनाओं का प्रतिशोध लें। अब इसे देश का दुर्भाग्य नहीं तो और क्या कहें कि जो बातें इतने बड़े अधिकारी ने कहीं वही सब हमारे स्कूलों में बच्चों को भी पढ़ाई जा रही हैं। बेशक विदेशी हमलावरों ने भारतीय मंदिर तोड़े थे, इससे तो किसी को इनकार ही नहीं है मगर इस जानकारी के साथ साथ ही हम अपनी नई पीढ़ी को यह भी क्यों नहीं बताते कि क्यों उस दौर में देश का सारा खजाना नागरिकों के पास नहीं वरन मंदिरों में जमा था, जिसे लूटने हमलावार आए थे? यह भी क्यों नहीं पढ़ाते कि लुटेरों का मुकाबला करने के बजाय उस समय हमारा समाज और उसके कर्णधार किन किन कामों में लिप्त थे? पता नहीं क्यों हम अपने नई पीढ़ी को यह बता कर गौरवान्वित होते रहते हैं कि इतिहास में हमने कभी किसी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं किया? भारतीय इतिहास के बाबत हजारों बार बोले गए इसी झूठ को अब एक राजनीतिक एजेंडे के तहत जब अजीत डोभाल जैसे लोग बदले की भावना के आह्वान के साथ युवाओं के समक्ष परोसते हैं तो वाकई दुख होता है। यकीनन हमारा इतिहास दुःख, क्लेश, उत्पीड़न और अमानवीय घटनाओं से भरा हुआ है मगर पता नहीं क्यों हम उसके लिए जिम्मेदार तत्वों पर बात न करके एक अजीब किस्म की नैतिकता का यह चोला ओढ़ लेते हैं कि भारत सदैव एक शांतिप्रिय सभ्यता रही है, जिसने कभी किसी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं किया। क्या ऐतिहासिक दृष्टि से यह अधूरा और भ्रामक सत्य नहीं है? यदि भारत ने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया तो चंद्रगुप्त मौर्य ने यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर को पराजित कर किस अफगानिस्तान और आज के पाकिस्तान और बलूचिस्तान को अपने विशाल साम्राज्य में शामिल किया था? क्यों सम्राट अशोक के समय में मौर्य साम्राज्य की सीमाएँ आज के अफगानिस्तान तक फैली थीं?

क्या इससे भी इनकार किया जा सकता है कि दक्षिण भारत के शासकों ने भारत को एक समुद्री सैन्य शक्ति के रूप में स्थापित किया था और चोल राजाओं ने 10वीं और 11वीं शताब्दी में समुद्र पार कर श्रीलंका, आज के मलेशिया, इंडोनेशिया,, थाईलैंड, म्यांमार और सिंगापुर क्षेत्र तक अपने सैन्य अभियान चलाए थे। क्या यह केवल व्यापारिक यात्राएँ थीं और उन्होंने वहाँ स्थानीय शासकों को पराजित कर कर-वसूली और प्रशासनिक नियंत्रण स्थापित नहीं किया गया? क्या यह भी किताबों में दर्ज नहीं है कि आठवीं सदी में कश्मीर के राजा ललितादित्य ने अपने देश की सीमाओं का विस्तार तिब्बत, मध्य एशिया और ईरान की सीमाओं तक कर लिया था?

आधुनिक काल के महाराजा रणजीत सिंह को क्यों हम भूल जाते हैं जिनके नेतृत्व में सिख साम्राज्य लाहौर, पेशावर, मुल्तान और अफगानिस्तान तक फैला हुआ था। 18वीं शताब्दी में मराठों की सेनाएँ भी तो अटक और अफगान सीमा तक अपना भगवा झंडा फहरा आई थीं। इन सभी तथ्यों का जिक्र करने का अर्थ यह साबित करना कतई नहीं है कि भारत भी एक आक्रामक या विस्तारवादी सभ्यता था बल्कि यह है कि अन्य सभ्यताओं की तरह उस दौर में भारत भी राजनीतिक शक्ति, सुरक्षा और प्रभाव के लिए सैन्य अभियानों का सहारा लेता रहा है। इसी लिए यह कहना कि ह्लभारत ने कभी आक्रमण नहीं कियाह्व मुझे इतिहास को आदर्शवाद की चादर में ढकने जैसा लगता है। पता नहीं हम कब समझेंगे कि सच्चा राष्ट्रबोध मिथकों से नहीं, बल्कि ईमानदार इतिहासबोध से जन्म लेता है। भारत की महानता उसकी निष्क्रियता में नहीं, बल्कि उसकी क्षमता, संतुलन और समयानुसार शक्ति प्रयोग में निहित रही है। इतिहास को स्वीकार करना उसे कमजोर नहीं, बल्कि अधिक परिपक्व बनाता है। यूं भी हम भारत शब्द के प्रयोग के साथ जिस सीमाओं और उसके भीतर रहने वाले करोड़ों लोगों के बात करते हैं, वह तो संविधान लागू होने के बाद ही अस्तित्व में आया। अपने युवाओं को बदले की भावना से ओतप्रोत करते हुए हम यह स्पष्ट क्यों नहीं करते कि हमें बदला आखिर लेना किससे है? जिन देशों के तत्कालीन राजाओं ने भारत पर हमले किए, क्या अब हम उनसे बदला ले भी सकते हैं? क्या यह संभव भी है? यदि नहीं तो फिर हमारा प्रतिशोध और नफरत किसके खिलाफ होगी? काश आज ऐसे लोग की आवाज बुलंद हो जो लोगों को बताएं कि राष्ट्र केवल सीमाएं नहीं उसमें बसे लोग भी होते हैं। मगर दुर्भाग्य देखिए कि वही लोग चहुंओर दिखाई पड़ते हैं जो लोगों के आज के सुख दुख की बात ही नहीं करते और बार बार उन्हें इतिहास की भूल भुलैया में भटकाने की कोशिश करते हैं।

# एस एफ हेल्पिंग हैंड्स सोसायटी द्वारा एस एफ स्ट्रीट स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** एस एफ हेल्पिंग हैंड्स सोसायटी के तत्वावधान में एस एफ स्ट्रीट स्कूल में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक विशेष एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, उनके विचारों और आदर्शों से परिचित कराना रहा। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक पीयूष बंसल ने बच्चों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरणादायक विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के प्रसिद्ध कथन ह्लउठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाएह्व पर विशेष चर्चा करते हुए बच्चों और युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम का महत्व समझाया। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती शिखा बंसल ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन युवाओं को आत्मनिर्भर, संस्कारवान और समाज के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं में सही विचारों का बीजारोपण ही एक सशक्त और सकारात्मक समाज की नींव रखता है। उन्होंने यह भी बताया कि एस एफ हेल्पिंग हैंड्स सोसायटी निरंतर शिक्षा, सेवा और संस्कार के माध्यम से समाज के जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को शिक्षा, नैतिक मूल्यों, समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

साथ ही राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं द्वारा बच्चों को खाद्य सामग्री एवं स्टेशनरी का वितरण किया गया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर संस्था की वरिष्ठ सदस्य अंकिता शर्मा ने सभी अतिथियों, युवाओं, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे प्रेरणादायक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और संस्था आगे भी इसी भावना से सेवा कार्य करती रहेगी। एस एफ हेल्पिंग हैंड्स सोसायटी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसकी सभी उपस्थितजनों ने सराहना की।

# धार्मिक आयोजन को लेकर यदुवंशी उत्साहित ,वृन्दावन में बैठक आयोजित कर तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृंदावन।** श्री कृष्ण अहिरानी यदुवंशी बृजवासी परिवार एवं अखिल भारतवर्षीय यादव महिला सभा की मयूर विहार कैलाश नगर रोड स्थित कैंप कार्यालय पर बैठक हुई । इसमें वृंदावन ब्रज परिक्रमा यात्रा, वृक्षारोपण एवं यमुना पूजन आदि कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में बृजवासी परिवार एवं यादव महासभा महिला सभा महानगर अध्यक्ष अंजू यादव ने वृंदावन निवासी शिक्षाविद समाजसेविका अर्चना यादव को वृंदावन की अध्यक्ष एवं वृंदावन परिक्रमा यात्रा का सदस्य बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अर्चना यादव ने कहा कि 24 जनवरी को भगवान श्री कृष्ण जी की जन्मस्थली, लीला स्थली वृंदावन में बृजवासी परिवार एवं महासभा के संयुक्त प्रयास से यह प्रथम प्रयास किया जा रहा है जिसमें देश की ख्याति प्राप्त समाजसेविकाएं, आध्यात्मिक गुरू, कथावाचक वृंदावन की परिक्रमा में भाग लेने जा रहे हैं।

उनके भाग लेने पर बृजवासी अहिराणियां विशेष उत्साहित हैं। परिक्रमा मार्ग में पर्यावरण रक्षा हेतु वृक्षारोपण, यमुना प्रदूषण को निजात दिलाने के लिए यमुना पूजन, विश्व में शांति कल्याण हेतु भजन कीर्तन करते हुए परिक्रमा की जाएगी। महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष मीना यादव ने कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उपस्थितों में जिला महासचिव वीना, अंकिता, आरती, नीतू, राम अवतार, सुनीता- राकेश यादव, पिंकी, प्रभा, सुमन यादव आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए। संचालन योग शिक्षिका वशिष्टा यादव ने किया।

# नाबालिग बच्चियों से छेड़खानी करने वाले युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** हाथी दरवाजा से पुलिस ने नशे में धुत होकर बच्चियों से छेड़खानी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। बच्चियों के पिता के अनुसार वो ओर आरोपी युवक पड़ोसी है और पहले भी कई बार युवक बच्चों के सामने गंदी हरकते करते हुए नजर आया था तो बच्चियों के पिता ने युवक के पिता से शिकायत कर समझने का प्रयास किया था। लेकिन सोमवार को तो हद ही हो गई जब आरोपी युवक नशे में धुत होकर आया और पड़ोस में ही पीड़ित की बच्चियों के सामने नंगा होकर पेशाब करने लगा और बच्चियों को गंदे इशारे करने लगा। जब बच्चों ने उसको ऐसा करने से मना किया तो नशे में धुत युवक ने नाबालिग बच्चियों के सामने ही अपने सारे कपड़े उतार दिए और बच्चियों को गंदी गंदी गलियां देने लगा और पहले से ज्यादा भद्दे इशारे करने लगा। जब बच्चियों द्वारा युवक का विरोध किया गया तो युवक बच्चियों को जान से मारने की धमकी देने लगा । बच्चियों ने शोर मचाया तो उनके पिता ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया और 112 पर फोन करके पुलिस को इसकी सूचना दी ।पुलिस युवक को नशे की हालत में पकड़ कर थाने ले गई ।बच्चियों के पिता ने युवक के खिलाफ तहरीर दर्ज कराई करा कर युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग थाना प्रभारी भगवत सिंह से की है।

# राष्ट्रीय युवा शक्ति सम्मेलन में राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह को मिला राष्ट्रीय युवा पुरस्कार

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर हरिद्वार में संपन्न 2 दिवसीय राष्ट्रीय युवा शक्ति सम्मेलन में नगर निवासी तथा सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन के संस्थापक अध्यक्ष हेमन्त सिंह को विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों में विशिष्ट योगदान के लिये राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के 30वें स्थापना दिवस एवं स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार देर शाम को भव्य समारोह में मुख्य अतिथि* भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर, *कार्यक्रम अध्यक्ष पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बाल कृष्ण तथा *विशिष्ट अतिथि* दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष आशीष गौतम ने बुलंदशहर के हेमन्त सिंह सहित देश भर से चयनित 10 युवाओं को मंच पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया। हेमन्त सिंह को यह पुरस्कार उनकी संस्था राष्ट्र चेतना मिशन द्वारा कोरोना काल में विशिष्ट सेवा, अब तक लगभग 3 हजार अज्ञात लोगों के लावारिस शवों के विधिवत अन्तिम संस्कार, नियमित रूप से जरूरतमंद मरीजों को रक्त की व्यवस्था, आदि सेवा कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। मुख्य अतिथि भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने अपने सम्बोधन के दौरान सभी पुरस्कृत युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित सैकड़ों लोगों को प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा युवा कल्याण एवं प्रोत्साहन के लिए किये जा रहे प्रयासों का भी विस्तृत वर्णन किया।

अध्यक्षता करते हुए पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने भी युवाओं को देश के विकास और स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। राष्ट्र चेतना मिशन के संस्थापक अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने जनपद बुलंदशहर तथा अपनी संस्था के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए यह विशेष सम्मान अपने संगठन के समस्त कार्यकताओं के सतत परिश्रम और सेवा भाव को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन एवं प्रोत्साहन से ही समाज कार्यों में संलग्न युवाओं का मनोबल बढ़ता है।

# बार एसोसिएशन ने ठाकुर टीकम सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** बार एसोसिएशन मथुरा के वार्षिक कार्यकाल पूरा होने से पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा एडवोकेट एवं सचिव शिव कुमार लवानिया ने ठाकुर टीकम सिंह को प्रशस्थि पत्र देकर सम्मानित किया। विगत वर्ष में किए गए सामाजिक, न्यायिक कार्यों एवं बार एसोसिएशन कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। ठाकुर टीकम सिंह मथुरा न्यायालय ने कार्यरत हैं। जो जनहित याचिका, संवैधानिक कानून और सामाजिक न्याय से संबंधित मामलों में अपने कार्यों के लिए जाने जाते हैं। वे कई सरकारी और वैधानिक निकायों से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं, जो अदालती पैरवी से परे उनकी भागीदारी को दशार्ता है। यह प्रशस्ति पत्र भारतीय विधि क्षेत्र में अत्यंत प्रतिष्ठित माना जाता है। यह न केवल पेशेवर उत्कृष्टता को मान्यता देता है, बल्कि सार्वजनिक सेवा और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता को भी प्रशंसा करता है। यह सम्मान भारत की न्याय प्रणाली में युवा अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ता है। इस मौके पर बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।।।

# विधानसभा चुनाव के दौरान हुए बलवे के आरोपियों को सुनाई कोर्ट ने सजा।

**वेलकम इंडिया**

**जहांगीराबाद**/34 वर्ष पूर्व विधानसभा चुनाव के दौरान हुए बलवे में बुलंदशहर न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को सजा सुनाई है। वर्ष 1991 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान जनता इंटर कॉलेज में हुए बवाल में हथियारों के बल पर बूथ कैप्चरिंग कर मतपेटियों को जलाकर अराजकता की गई थी। इस मामले में पीठासीन अधिकारी में 40 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वर्ष 1991 में विधानसभा चुनाव के दौरान जनता इंटर कॉलेज में एक पोलिंग बूथ पर एक प्रत्याशी के समर्थन हथियारों के बल पर बूथ कैप्चरिंग करते हुए मत पेटियों को जलाया था इसके बाद नगर में अराजकता फैली थी, और जमकर बवाल हुआ था। इस घटना के बाद चुनाव को स्थगित किया गया। इस मामले में पीठासीन अधिकारी श्याम बाबू भटनागर ने 40 लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला तभी से न्यायालय में विचाराधीन था। अून (र्ना) 9 कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए तीन ये सब अभियुक्तों लक्ष्मी नारायण निवासी गहना, अलीम उर्फ गुड्डू निवासी पुख्ता बाजार और इरशाद पुत्र निवासी वंशीधर को 12-12 सौ का अर्थ दण्ड और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई है। मई 1991 में हुए चुनाव में नवल किशोर गर्ग, पीके शर्मा, होशियार सिंह और मुकेश पंडित विधानसभा का चुनाव लड़े थे। इस घटना के बाद चुनाव स्थगित हुआ था और फिर नवंबर 1991 में यह चुनाव हुआ। जिसमें भाजपा से नवल किशोर में चुनाव जीते थे।

# गैंगस्टर में वांछित दस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार

**पहासू**/बुलंदशहर/मंगलवार को थाना पहासू पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित शातिर 01 अभियुक्त को अटैरना बम्बे के पास से कलाम पुत्र सद्दीक बालम निवासी ग्राम करैना थाना शिकारपुर जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी हैं, जो थाना पहासू पर पंजीकृत मुअसं-01/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 10,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया थाअभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना पहासू पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर में स्वदेशी, विवेकानंद जयंती व पुरातन छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन




**वेलकम इंडिया**

**सरस्वती** विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शास्त्री नगर में 12 जनवरी 2026 को स्वदेशी अभियान, स्वामी विवेकानंद जयंती एवं पुरातन छात्र सम्मेलन का भव्य व प्रेरणादायक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वदेशी रन से हुआ, जिसमें लगभग 300 छात्र-छात्राओं व आचार्य परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वामी विवेकानंद जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर ओजस्वी उद्बोधन दिए गए। इस अवसर पर पुजारी मानव सेवा एवं प्रकृति संरक्षण संस्थान द्वारा निर्धनजनों को कंबल वितरित किए गए। पुरातन छात्र सम्मेलन में विद्या भारती के सह संगठन मंत्री डॉ. श्री राम मनोहर जी मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. रोहित गोपाल ने की।

# बाक्सिंग में बागपत की ब्रूसली एमेच्योर बॉक्सिंग एकेडमी बनी बच्चों की पहली पसंद

**वेलकम इंडिया**




**बागपत**, उत्तर प्रदेश। विपुल जैन। जनपद बागपत को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाली ब्रूसली एमेच्योर बॉक्सिंग एकेडमी हर वर्ष की भांति वर्ष 2025 - 26 में भी खेल क्षेत्र में बच्चों की पहली पसंद बनी रही। इस ऐकेड्मी ने अपने अब तक के सफर में जिला स्तर पर 900 बॉक्सर, मंड्ल स्तर पर 450 बॉक्सर, राज्य स्तर पर 121 बॉक्सर, नेशनल स्तर पर 80 बॉक्सर व इंटरनेशनल स्तर पर 40 बॉक्सर दिये है। इसके साथ-साथ इनके कोचिंग सेन्टर से 28 बॉक्सरों को स्पोर्टस कोटे से जॉब मिली है। वर्तमान में ब्रूसली एमेच्योर बॉक्सिंग एकेडमी में बाक्सिंग कोच व एकेडमी के संचालक यशवीर सिंह जी के मार्गदर्शन में लगभग 35 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही डीएवी स्कूल बागपत की यूकेजी की छात्रा आराध्या ने बताया कि वे स्वयं को मजबूत बनाने, अपनी सुरक्षा करने व देश के लिए मेड़ल लाने के लिए बॉक्सिंग सीख रही है। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत की कक्षा 4 की छात्रा प्रेरणा ने बताया कि यह खेल उनको बचपन से ही पसन्द है। यह खेल शरीर को फिट रखता है। इस खेल से पूरे शरीर की कसरत अच्छी प्रकार से हो जाती है और इससे हम आत्मरक्षा करना सीखते है। कहा कि देश के लिए पदक लाना ही उनकी प्राथमिकता है। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत की कक्षा 6 की छात्रा कनक ने बताया कि बॉक्सिंग से शरीर की ताकत और सहनशक्ति बढ़ती है, वजन कम होता है, स्वास्थ्य सुधरता है, हाथों व आँखों का तालमेल बेहतर होता है, तनाव घटता है, मूड अच्छा होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

# कोतवाली देहात क्षेत्र में देह व्यापार का गोरखधंधा, नहर किनारे बने रेस्टोरेंट बने अड्डे।

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर किनारे बने खाने-पीने के रेस्टोरेंट और ढाबों में कथित रूप से देह व्यापार का गोरखधंधा फल-फूल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दिन शुरू होते ही इन रेस्टोरेंटों की आड़ में अवैध गतिविधियां शुरू हो जाती हैं, जिससे क्षेत्र की सामाजिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ रेस्टोरेंटों में बाहर से आने वाले लोगों की आवाजाही संदिग्ध रूप से अधिक रहती है। देर रात तक चलने वाली गतिविधियों से न केवल राहगीरों बल्कि आसपास रहने वाले परिवारों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार इस संबंध में शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिली। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इस पूरे गोरखधंधे के पीछे किसका संरक्षण है और जिम्मेदार विभाग क्यों आंख मूंदे बैठे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि– क्या पुलिस और प्रशासन को इस अवैध धंधे की जानकारी नहीं है ?अगर जानकारी है तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्या किसी बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा है ? कोतवाली देहात क्षेत्र जैसे संवेदनशील इलाके में इस तरह की गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती हैं। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ सकता है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और पुलिस इस कथित गोरखधंधे पर कब शिकंजा कसते हैं या फिर यह मामला भी फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।

# फसल बीमा योजना एवं धरती माता बचाओ समिति की बैठक हुई संपन्न , जिलाधिकारी ने की अध्यक्षता

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में फसल बीमा योजना एवं धरती माता बचाओ समिति की बैठक हुई संपन्न। जिला कृषि अधिकारी ने बैठक में अवगत कराया कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, उर्वरक विभाग के द्वारा उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग को नियंत्रित करने तथा औद्योगिक इकाइयों में अवैध परिसंचलन, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग एवं तस्करी को रोकने के साथ ही मृदा स्वास्थ्य में अनुकूल परिवर्तन लाने के उद्देश्य से धरती माता बचाओ अभियान की शुरूआत की जानी है, जिसके अन्तर्गत त्रिस्तरीय समिति (धरती माता बचाओं समिति) का गठन किया जाने के निर्देश दिये गये हैं, जो कि ग्राम, तहसील एवं जिला स्तर पर क्रियान्वित होगी। उक्त के दृष्टिगत जनपद स्तरीय से धरती माता बचाओ अभियान के अन्तर्गत जिला स्तरीय धरती माता बचाओ समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में विगत 3 वर्षों में यूरिया, डीएपी एनपीके एवं मओपीव की खपत हुई है। जनपद स्तरीय, तहसील स्तरीय एवं विकास खण्ड स्तरीय कृषि गोष्ठियों / कृषि मेलों के माध्यम से कृषकों को मृदा परीक्षण के आधार पर फसलों में उर्वरकों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया है, जिसका परिणाम स्वरूप विगत वर्षों की तुलना में वर्तमान वर्ष 2025-26 में रासायनिक उर्वरकों की खपत कम हुई है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समिति के समस्त सदस्यों को अवगत कराया गया कि जनपद स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति के विभिन्न दायित्व हैं, जिसमें जनपद में उर्वरक उपयोग की समीक्षा करना और उर्वरक के संतुलित उपयोग के लिए विषेश अभियान चलाना। जिला प्रशासन कम से कम 100 ग्राम पंचायतों की पहचान करेगा, जहां अतीत में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग अधिक हुआ है। इन गांवो में और अधिक ठोस प्रयास किये जायेंगे और कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अनिवार्य रूप से इन गांवो का दौरा करेंगें और ग्राम पंचायत की बैठकों में भाग लेगे। उर्वरक के अवैध उपयोग पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए तथा इसके दोषी पाये गये डीलर के विरुद्ध एफआईआर और गिरफ्तारी, डीलरशिप के लाइसेंस का निलम्बन आदि जैसे प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जानी चाहिए। समिति पूर्व में की गयी प्रवर्तन कार्यवाही की भी समीक्षा करेंगी। जिला स्तरीय समीक्षा निगरानी समिति उर्वरक के स्टॉक की स्थिति की समीक्षा करेगी और जिले के भीतर कमी वाले क्षेत्रों में किसी भी अधिशेष उर्वरक को पुनः आवंटित करने की सिफारिस करेगी ।

# एनसीआरटीसी ने मेरठ में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित किया सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**दिल्ली-गाज़ियाबाद**-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के आसपास रहने वाले दिव्यांगजनों की पहुँच और स्वतंत्रता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी ने अपने सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रमों की श्रृंखला में, मंगलवार, 13 जनवरी 2026 को मेरठ में एक और कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इसका आयोजन एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के सहयोग से जापान फंड फॉर प्रॉस्परस एंड रेजिलिएंट एशिया एंड द पैसिफिक (जेएफपीआर) के अंतर्गत किया गया। डीएन पॉलिटेक्निक, मेरठ में आयोजित इस कार्यक्रम में एनसीआरटीसी और एडीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने 135 दिव्यांग लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राई-साइकिल वाहन प्रदान किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सहायक उपकरणों के वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। ये उपकरण लाभार्थियों को दैनिक गतिविधियों, कार्यस्थलों और समाज में अपनी सहभागिता को बढ़ाने में सहायता करेंगे। बेहतर आवागमन की उपलब्धता उन्हें रोजगार और आजीविका के उन अवसरों तक पहुँचने में सहायता प्रदान करेगी, जो अबतक सुलभ नहीं थे। इनके माध्यम से उनके जीवन में गतिशीलता को बढ़ावा मिलेगा और वे सामाजिक एवं आर्थिक तौर पर सशक्त बनेंगे जो उन्हें आत्मविश्वास के साथ जीने की प्रेरणा देग एनसीआरटीसी नमो भारत स्टेशनों और ट्रेन सेवाओं को सभी के लिए समावेशी, सुरक्षित और सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम दिव्यांगजनों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। एनसीआरटीसी, जेएफपीआर के अंतर्गत सामाजिक कल्याण के लिए इस प्रकार के कई कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहता है।

इनमें दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, स्मार्ट केन, बैसाखी, श्रवण यंत्र एवं उद्यमिता उपकरणों का वितरण शामिल है। इसके अतिरिक्त आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु सिलाई मशीनें भी प्रदान की गई हैं। इसके अलावा, समय-समय पर महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण, कौशल विकास कार्यक्रम, तथा ई-रिक्शा और टैक्सी ड्राइवर प्रशिक्षण जैसी कई पहल भी की जाती रही हैं।

# सिरसा में वैश्य महासंघ का प्रतिभा सम्मान एवं समरसता भोज, शिक्षा व राजनीतिक सहभागिता पर दिया गया जोर

वेलकम इंडिया



**भारतीय** राष्ट्रीय वैश्य महासंघ के तत्वावधान में सिरसा स्थित स्वयंवर गेस्ट हाउस में प्रतिभा सम्मान एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन साहू समाज के वरिष्ठ नेता हरिओम साहू ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रयागराज के सांसद उज्वल रमण सिंह तथा विशिष्ट अतिथि समाजवादी साहू राठौर सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रकांता साहू, कृष्ण कुमार साहू, राजेश पर और गोपीगंज नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख जंगी लाल गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता के रूप में मुकेश साहू और प्रदीप संवारा ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर समाज के मेधावी विद्यार्थियों, सेवानिवृत्तजनों को सम्मानित किया गया तथा गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। मंगरू, सुषमा गुप्ता और लालचंद को ट्राइसाइकिल भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर दवाओं का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद उज्वल रमण सिंह ने कहा कि साहू समाज को शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक भागीदारी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि राजनीतिक रूप से सशक्त समाज का विकास तेज होता है। उन्होंने समाज के हित में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में सुखलाल साहू, मनोज कुमार गुप्ता, गोरेलाल, अंजनी गुप्ता, कृष्णमणि गुप्ता, अशोक कुमार, रामपति और तेज बहादुर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय वैश्य महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता

# एलम में आवारा कुत्तों का आतंक, तीन लोगों पर हमला कर किया घायल

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।अलग-अलग स्थानों पर आवारा कुत्तों ने तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। कस्बे में दहशत का माहौल बन गया। मंगलवार को कस्बा एलम निवासी चंद्रहास किसी आवश्यक कार्य से बाजार जा रहा था। इसी दौरान अचानक एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। दूसरी और महिला ईश्वरी देवी अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी एक कुत्ते ने उस पर झपट्टा मार दिया और उसे घायल कर दिया। इसके अलावा युवक शौर्य पर भी आवारा कुत्ते ने हमला कर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने तीनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने सभी को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए। चिकित्सकों के अनुसार समय रहते उपचार मिलने से किसी प्रकार का गंभीर खतरा नहीं है।कस्बे के लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

वेलकम इंडिया




**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में चल रहे दस दिवसीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने कस्बे के मुख्य मार्ग पर दोपहिया व चार पहिया वाहनों से आने-जाने वाले लोगों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी दी और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।छात्राओं ने लोगों से गलत दिशा में वाहन न चलाने, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सड़क संकेतों का पालन करने की अपील की। जागरूकता अभियान में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. श्याम बाबू एवं सह-संयोजक अंकिता त्यागी के निर्देशन में किया गया।

# विवाहिता को बहला फुसलाकर, बनाए अवैध संबंध, दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने अपने गांव निवासी एक युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने और चार दिन तक अवैध संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके जेवरात भी बेच दिए हैं। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती की शादी क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक युवक के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि उसके गांव के ही तोहिद पुत्र कासिम का पीड़िता की ससुराल में आना जाना था। आरोप है कि 26 दिसंबर की रात्रि को तोहिद ने पीड़िता को फोन कर बताया कि वह गांव में आया हुआ है और तुझसे मिलना चाहता है। आरोप है कि आरोपी रात्रि में ही पीड़िता के घर पहुंच गया और पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि चार दिन तक आरोपी ने पीड़िता को एक कमरे में रखकर अवैध संबंध बनाए, ओर पीड़िता की सोने की बाली और अंगुठी सुनार को बेच दी। पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता को बहला फुसलाकर ले जाने में इमरान निवासी सुन्हैटी कैराना का भी हाथ है। पीड़िता ने किसी तरह से मामले की सूचना अपने पिता को दी। पीड़िता ने थाने पहुंचकर तोहिद व इमरान के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव आज पहुंचेंगे प्रयागराज

**प्रयागराज।** बॉलीवुड के लोकप्रिय एवं चर्चित अभिनेता राजपाल यादव आज प्रयागराज माघ मेला क्षेत्र पहुंच रहे हैं। वे संगम क्षेत्र में स्थित पूज्य गुरुदेव पं. देवप्रभाकर शास्त्री ह्लदद्दा जीह्व के शिविर में उपस्थित होकर दर्शन-पूजन करेंगे तथा चल रहे असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दिव्य आयोजन में सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर अभिनेता राजपाल यादव डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री जी के सानिध्य में आध्यात्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित होंगे और उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मीडिया प्रभारी सनी केसरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिनेता राजपाल यादव संगम में पावन स्नान करेंगे तथा उसके उपरांत शिविर में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण के पुण्य कार्य में स्वयं भाग लेकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे।

# किशोरी को भगा कर ले जाने पर दो के विरुद्ध अभियोग दर्ज

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के दो युवकों पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि किशोरी घर में रखी लाखों रुपये की नगदी और जेवरात भी अपने साथ ले गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि घर से बाहर गया हुआ था, जबकि घर पर उसकी पत्नी और 14 वर्षीय पुत्री मौजूद थीं।इसी दौरान पड़ोस के एक युवक और उसके ताऊ के लड़के ने उसकी नाबालिग पुत्री को अपने झांसे में ले लिया और बाइक पर बैठाकर भगा ले गए। घटना के बाद से किशोरी का कोई सुराग नहीं लग पाया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मोहल्ला खेल निवासी अय्यर और मौल्बी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की बरामदगी तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री के सानिध्य में शिवमय हुआ माघ मेला क्षेत्र

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेला 2026 के अंतर्गत आज मंगलवार को एक भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन का विधिवत शुभारंभ हुआ। पूज्य गुरुदेव पं. देवप्रभाकर शास्त्री ह्लदद्दा जीह्व की पुण्य स्मृति में, डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री जी के आदेश एवं सानिध्य में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक एवं सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ माघ मेला क्षेत्र में वैदिक विधि-विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन हजारों श्रद्धालुओं एवं कल्पवासियों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्राभिषेक एवं ह्लहर-हर महादेवह्व के जयघोष से संपूर्ण मेला क्षेत्र शिवमय हो उठा। वातावरण पूर्णतः भक्तिमय, अनुशासित एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण नजर आया।

डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिव आराधना एवं श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार की दिशा प्रदान करती है। यह आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम है। मीडिया प्रभारी श्री शनि केसरी ने बताया कि यह दिव्य आयोजन 13 जनवरी से 19 जनवरी 2026 तक निरंतर चलेगा, जिसमें देश-विदेश से आए श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं कल्पवासी बड़ी संख्या में सहभागिता कर रहे हैं। संपूर्ण आयोजन को सुव्यवस्थित, मर्यादित एवं आध्यात्मिक गरिमा के अनुरूप संपन्न कराया जा रहा है।पहले ही दिन श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पार्थिव शिवलिंग निर्माण और श्रीमद् भागवत कथा के अमृतमय श्रवण से श्रद्धालुओं ने आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की।

# साइबर क्राइम पुलिस ने कराए पीड़ित के लाखों रुपए वापस




वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के नई बस्ती निवासी युवक के खाते से लाखों रुपए की ऑनलाइन ठगी के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़ित के रुपए वापस कराए हैं। पीड़ित ने साइबर पुलिस का धन्यवाद किया है।कस्बे के नई निवासी अमिश उर रहमान पुत्र अतिकुर रहमान 26 दिसंबर 2025 को साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पीड़ित के खाते से अज्ञात ठग के द्वारा आठ लाख रुपए की धनराशि ऑनलाइन ठगी कर ली है। साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी थी। मंगलवार को साइबर क्राइम थाना प्रभारी सीमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित के खाते से आठ लाख रुपए की ठगी हुई थी। साइबर क्राइम की टीम के द्वारा पीड़ित के सात लाख साठ हजार

# युवक के साथ मारपीट तीन के खिलाफ मुकदमा दज

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी

कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर घर से बाहर बुलाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी इजहार बादशाह ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की शाम को वह अपने घर पर बैठा हुआ था। आरोप है इसी बीच पीडित के घर के बाहर जाबिर पुत्र राशिद, शहजाद पुत्र अली हसन व रशीद उर्फ लारा पुत्र ना मालूम पहुंचे, और पीड़ित को आवाज लगाकर घर के बाहर बुलाया। आरोप है कि तीनों लोगों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो तीनों लोगों ने पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीनों लोगों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# एआरपी एसोसिएशन प्रयागराज के प्रतिनिधिमंडल ने सीडीओ सहित शिक्षा अधिकारियों से की शिष्टाचार भेंट

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** ए0आर0पी0 एसोसिएशन उ0प्र0 (अकेडमिक रिसोर्स पर्सन एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश) की जिला इकाई प्रयागराज के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज श्रीमती हर्षिता सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संगठन के कार्यों, शैक्षिक सहयोग एवं ए0आर0पी0 से जुड़े विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। उच्च प्राथमिक विद्यालय पी0ए0सी0 नैनी नगर क्षेत्र के वरिष्ठ अध्यापक श्री मुहम्मद रिजवान ने बताया कि ए0आर0पी0 एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज से भी शिष्टाचार भेंट कर ए0आर0पी0 के मोबिलिटी भत्ते के लंबित भुगतान के संबंध में एक अनुरोध पत्र सौंपा तथा संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने एम0डी0एम0 प्रभारी श्री राजीव त्रिपाठी से भेंट कर मध्यान्ह भोजन से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा की। तत्पश्चात मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक श्री संजय कुमार कुशवाहा से भेंट कर संगठन की गतिविधियों एवं ए0आर0पी0 की भूमिका से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में नगर क्षेत्र की खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह से मिलकर शैक्षिक समन्वय एवं सहयोग पर चर्चा की गई। संगठन ने आशा व्यक्त की कि अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से ए0आर0पी0 से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा तथा शैक्षिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री मनोज कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री महेश प्रताप यादव, उपाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी, जिला महामंत्री रीता शर्मा, कोषाध्यक्ष संत लाल चौरसिया, संगठन मंत्री डॉ. सुधा शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# परिषदीय छात्रों को प्रधानमंत्री से सवाल पूछने का मिलेगा अवसर

**जहांगीराबाद.**(बुलंदशहर) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रमझ्र2026 में इस बार परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी शामिल किया जाएगा। इसके तहत उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में चयनित छात्र प्रधानमंत्री से सीधे प्रश्न पूछ सकेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. विनय कुमार ने बताया कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम हर वर्ष परीक्षाओं से पूर्व आयोजित किया जाता है, जिसमें प्रधानमंत्री विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें परीक्षा संबंधी तनाव से निपटने के गुर बताते हैं।

# सेवा में ही सच्चा उत्सवः सीनियर सिटीजन क्लब ने रचा मानवता का अनुपम उदाहरण

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** जब उम्र केवल संख्या न रहकर अनुभव बन जाती है और वही अनुभव सेवा का रूप ले लेता है, तब समाज को मिलता है प्रेम, करुणा और संस्कारों का अनमोल उपहार। इसी भाव को साकार करते हुए सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मानवता की भावना से प्रेरित एक सराहनीय पहल की गई। क्लब के वरिष्ठजनों ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्चा उत्सव दिखावे में नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाने में होता है।इसी उद्देश्य के तहत 13 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से सीनियर सिटीजन क्लब परिसर में निःशुल्क भोजन एवं चाय वितरण का आयोजन किया गया । यह आयोजन एस.पी. साहब के कार्यालय के सामने स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में संपन्न हुआ।लोहड़ी और मकर संक्रांति जैसे पर्व जहां एक ओर नई ऊर्जा, नई शुरूआत और सकारात्मकता का संदेश देते हैं, वहीं सीनियर सिटीजन क्लब का यह आयोजन समाज को यह सीख भी देता है कि पर्व तभी सार्थक हैं जब उनमें सेवा और संवेदना जुड़ी हो। क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का कहना है कि समाज के हर वर्ग तक प्रेम और अपनत्व पहुंचाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। वरिष्ठजनों की यह पहल न केवल युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि यह भी बताती है कि उम्र चाहे जो हो, सेवा की भावना सदैव युवा रहती है। निश्चय ही सीनियर सिटीजन क्लब का यह आयोजन मानवता, संस्कार और सामाजिक समरसता का एक सुंदर उदाहरण बनकर सामने आएगा। इस अवसर पर अलका जैन, रानी गुप्ता, निशी अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, सरोज गुप्ता, यामिनी गुप्ता, उषा गुप्ता, मधु गुप्ता, सीमा अरोड़ा, साधना खंडेलवाल, सीमा अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, चारू समर्थ, संगीता पवार, सोनल अग्रवाल, नीता जैन, मीरा गुप्ता आदि मेंबर्स उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद जी की 163 वी जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को स्वामी विवेकानंद के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने स्कूली बच्चों को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। साथ ही उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी भारतीय संस्कृति की पहचान पूरी दुनिया में फैलाई। वे युवा को राष्ट्र की रीड मानते थे और उनका मानना था कि देश को ऐसे नौजवानों की आवश्यकता है जिनकी मांसपेशियां फौलाद की हो और नसों में बिजली दौड़ती हो। उनका सपना भारत को आत्मनिर्भर, शिक्षित और आध्यात्मिक रूप से जागरूक बनाना था। स्वामी विवेकानंद भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को सफल जीवन की ओर बढ़ने, कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्रों से स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने और अपने लक्ष्य में आने वाली बाधाओं को दूर कर सफलता के शीर्ष पर पहुंचने का प्रण लेने का आह्वान किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल संत नहीं बल्कि युवाओं के मार्गदर्शक थे, उनका प्रसिद्ध मंत्र, उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।

आज भी हर युवा के लिए दिशा दिखाने वाला दीपक है। उनका जीवन युवाओं को आत्मविश्वास साहस और सेवा का पाठ पढ़ाता है, इसलिए उनकी जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर अनुराग शर्मा, नीरज त्यागी, संजीव डबास, स्वाति यादव, गौरव चौहान, जीवन सिंह, अजय चौहान, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर सड़क सुरक्षा की शपथ लेते राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय फीना में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सहित समस्त स्टाफ ने स्वामी जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने स्वयंसेवी छात्रों से स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का संपूर्ण जीवन समाज के लिए प्रेरणाप्रद रहा है। स्वयंसेवी छात्र ऐसे युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि युवा ही राष्ट्र की रीढ़ है। बिना युवाओं के कोई भी राष्ट्र उन्नति नहीं कर सकता। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक अशोक कुमार शास्त्री, कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दलीप कुमार, डॉ शिवाली राजपूत, डॉ आर पी सिंह, विवेक कुमार, प्रदीप राजपूत आदि मौजूद रहे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने रामपुर में जिला चिकित्सालय में 600 बेड़ो की मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने की मांग

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से संगठन के सभी पदाधिकारी इकट्ठा होकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचे वहां पहुंचकर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीपा सिंह से मुलाकात की इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि रामपुर में जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज के 600 बेड़ो की स्थापना पूर्ण रूप से राजकीय स्तर पर स्थापना करने के लिए लगातार व्यापार मंडल द्वारा अनुरोध किया जा चुका है इस संबंध में रामपुर की जनता व्यापारी समाज लगातार राजकीये स्तर पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने हेतु मांग करता चला रहा है जिसके आधार पर जनता के ऊपर हो रहे जुल्म को देखते हुए मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराया जाना अति आवश्यक है जनपद रामपुर के जिला चिकित्सालय में जितने भी मरीज है किडनी ,लीवर, ब्रेन हेमरेज, के जाते हैं उनका समय पर आवश्यकता अनुसार इलाज न मिल पाने के कारण उनका जिला चिकित्सालय द्वारा रेफर मुरादाबाद, बरेली, गुड़गांव, दिल्ली कर दिया जाता है हजारों गरीबों की मौत जिला चिकित्सालय से रेफर करने के पश्चात रास्ते में ही मौत हो जाती है जिला चिकित्सालय मात्र रेफर केंद्र बनकर ही रह गया है इस संबंध में व्यापार मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक वार्ता कर दो बार अनुरोध किया जा चुका है जिस पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने 600 बेड का मेडिकल कॉलेज शुरू कराने के आदेश भी जारी किए थे लेकिन अनजान कारणों से मेडिकल कॉलेज शुरूआत का कार्य जान बूझकर लटकाया जा रहा है जिससे रामपुर की जनता तड़प तड़प के समय से इलाज के अभाव में मृत्यु को प्राप्त हो रही है।

# मिनी स्टेडियम बनवाने के लिए पूर्व सैनिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर।** पूर्व सैनिकों एवं समाजसेवियों के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम चांदपुर को ग्राम श्याऊ में फायर स्टेशन के पास खाली पड़ी जमीन खसरा नंबर 321 में एक मिनी स्टेडियम बनवाने के लिए मांग पत्र सौंपा। एसडीएम नितिन तेवतिया ने भी स्टेडियम बनवाने में सहयोग करने का आश्वाशन दिया। ज्ञापन देने वालो में पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष मुनेश कुमार, पूर्व सैनिक कृष्ण वीर शर्मा, यशपाल सिंह, अरविंद लंबा, देवेंद्र संतोषी, नरेश कुमार, समाजसेवी श्रीमती मनोज डगर भाजपा नेत्री संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार विजय सिंह, नरेश सिंह, सुभाष चंद्र वर्मा, चमन सिंह, देवेंद्र सिंह, विकसित सिंह आदि मौजूद रहे।

# शरारती तत्वों ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

वेलकम इंडिया

**रामघाट/बुलंदशहर/** नरौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलौन में अंबेडकर पार्क में लगी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अज्ञात शरारती लोगों ने रात्रि में खंडित कर दिया जिसकी खबर गांव में आग की तरह फैल गई और अंबेडकर पार्क में बाबा साहब के अनुयाई एकत्र हो गए सूचना पाकर डिबाई उप जिलाधिकारी मनीष कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रखर पांडेय थाना प्रभारी गंगा प्रसाद आर्य मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कर दूसरी प्रतिमा लगाने का आश्वासन दिया गया तब जाकर मामला शांत हुआ आपको बता दें डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क बेलौन में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रथम लगी हुई थी जिसको रात्रि में अज्ञात शरारती लोगों ने अंबेडकर प्रतिमा की उंगली चश्मा तोड़ दिया सिर में ईंट मारकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए जब लोगों ने सुबह पार्क में आकर देखा उंगली व चश्मा टूटा पड़ा था इस घटना की सूचना अंबेडकर अनुयाइयों में आग की तरह फैल गई और पार्क में आकर क्षेत्र के गांव लोग एकत्रित हो गए जिसकी सूचना नरौरा थाना प्रभारी को अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही कर दूसरी प्रतिमा लगाने की मांग की गई। उप जिलाधिकारी ने दूसरी प्रतिमा लगाने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान को सौंपकर मामला शांत किया उन्होंने प्रतिमा पर तीन सीसीटीवी कैमरे बेलौन भवानी मंदिर की समिति की तरफ से लगाने का पूर्ण आश्वासन दिया है। साथ ही कहा कि जिन शरारती लोगों ने इस घटना को अंजाम देकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है ऐसे शरारती लोगों की खिलाफ सख्ती के साथ जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी जिससे दोबारा पुनरावृति ना हो सके इस मौके पर ग्राम प्रधान सोनू उपाध्याय अंबेडकर समिति अध्यक्ष बालू शंकर सौरभ गुप्ता भंते प्रज्ञा रश्मि बसपा के नेता ओमप्रकाश गौतम मोनू प्रदीप कुमार सहित क्षेत्र के सैकड़ो अंबेडकर अनुयाई एकत्र हो गए।

# पुलिस ने दो लोगों को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोचा

**अफजलगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर पुलिस द्वारा कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस ने दो लोगों को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एसपी अभिषेक झा के आदेश पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रही कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने दो टीमों का गठन किया जिसमें कांस्टेबल आकाश कुमार, कांस्टेबल कृष्ण राणा व कांस्टेबल नितिन कुमार तथा कांस्टेबल मनीष कुमार ने नवाबपुरा तुरतपुर मार्ग के नजदीक बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव भोगपुर खदरी निवासी बन्टा सिंह उर्फ बन्टी पुत्र करनैल सिंह को अवैध रूप से 20 लीटर कच्ची शराब बेचने के दौरान पकड़ लिया।

# डॉ० मैटी के सिद्धांतों पर आधारित इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति : डॉ० एम० के० कटारिया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** वी० टी० इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मैडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉ० काउंट सीजर मैटी की 217 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाई गई। जिसमें टॉपर छात्र- छात्राओं को डिग्री, डिप्लोमा एवं रजिस्ट्रेशन देकर मैडल से सम्मानित किया गया। सीनियर इलेक्ट्रो होम्योपैथ डॉ० विजयपाल सिंह राजपूत की अध्यक्षता तथा उप प्राचार्य डॉ० एम० के० कटारिया के कुशल व सफल संचालन में आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्यअतिथि डॉ० हिमांशु शर्मा एवं प्राचार्य डॉ० राजकुमार त्यागी ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जन्मदाता डॉ० काउंट सीजर मैटी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पितकर किया। जयन्ती समारोह के मुख्य अतिथि डॉ० हिमांशु शर्मा ने डॉ० काउंट सीजर मैटी को महात्मा की संज्ञा देते हुए उनके सिद्धांतों को अपनाकर निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा करने का आह्वान किया। डॉ० ब्रजवीर सिंह ने डॉक्टर मैटी के बतायें मार्ग पर चलकर जनमानस की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ० पूनम शर्मा ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी को हानि रहित, सस्ती एवं सुलभ चिकित्सा पद्धति बताते हुए कम से कम खर्च में गरीब व असहाय लोगों का इलाज करने का आह्वान किया। सीनियर चिकित्सक विजय पाल सिंह राजपूत ने चिकित्सा क्षेत्र में ईमानदारी एवं सेवाभाव से कार्य करने का आह्वान किया। प्राचार्य राजकुमार त्यागी ने अतिथियों सहित आगन्तुकों का आभार व्यक्त करते हुए इलेक्ट्रो होम्योपैथी को प्रचीन एवं संपूर्ण चिकित्सा पद्धति बताया। उन्होंने इस विश्वविख्यात चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के माध्यम से चिकित्सक मानव सेवा के लिए कटिबद्ध हैं। उप प्राचार्य डॉ एम० के० कटारिया ने डॉ० काउंट सीजर मैटी को नमन करते हुए कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी विशुद्ध रूप से हर्बल एवं स्वस्थ करने में पूर्ण सक्षम हैं और इसके प्रयोग द्वारा असाध्य रोग भी जड़ से समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने इलेक्ट्रो होम्योपैथी को एक अद्वितीय पैथी बताते हुए चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता डॉ० काउंट सीजर मैटी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। डॉ० कटारिया ने कहा कि इटली निवासी डॉ० काउंट सीजर मैटी ने 1865 में इलेक्ट्रो होम्योपैथी का अविष्कार कर समाज को सदैव के लिए अपना ऋणी बना लिया हैं। इस अवसर पर में डॉ० राहुल चौधरी, डॉ० अनीसुददीन मंसूरी, डॉ० चमन भारद्वाज, डॉ० जबर सिंह, डॉ० सिद्धार्थ मुनि शर्मा, डॉ० सुभाष कुमार, डॉ० आनंद सिंह , डॉ० मौहम्मद अशरफ, डॉ० चन्द्रपाल सिंह, डॉ० त्रिलोक शर्मा, डॉ० मौहम्मद फारूक, डॉ० संचित अग्रवाल, डॉ० मौहम्मद यूसुफ, डॉ० सीएम शर्मा, डॉ० अतुल शर्मा, डॉ० पुष्पेन्द्र कुमार, डॉ० सुरेश कुमार, डॉ० कुलदीप सिंह, डॉ० राकेश कुमार सैनी, डॉ० शेर सिंह, डॉ० अकील अहमद, सुहेल अख्तर बेग, अफजल हुसैन, कृष्णपाल सिंह चौहान, आकाश, मयंक, जयदीप, रोशन, विशाल, अक्षर गौड़, सोनू शर्मा आदि।

# संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति का पेड़ से लटका मिला शव पुलिस जांच में जुटी

बुलंदशहर अहार क्षेत्र के गांव बढ़पुरा में एक गेहूं के खेत की मेढ़ में खड़े नीम के पेड़ की शाखा पर सुबह करीब नौ बजे एक व्यक्ति का संदिग्ध हालात में शव लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर फोरेंसिक टीम ने भी जांच की।मृतक योगेन्द्र पुत्र रमेश उम्र करीब 32 साल थी। मृतक ईख की कटाई करने का ठेका लेता था किसान से। फिर उसके बाद मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था।अब परिवार में पत्नी और तीन छोटे छोटे बच्चे रह गए हैं। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस उपनिरीक्षक अनुज कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया जा रहा है कि एक सप्ताह से मृतक घर में शराब पीकर पत्नी कभी पड़ोसियों से कहां सुनी, झगड़ा कर रहा था।

# अच्छे लोगों का सम्मान, पीड़ितों की सेवा कानून अनुशासन को प्राथमिकता इंस्पेक्टर पीयूष दीक्षित

वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी



**सहारनपुर/गागलहेडी** गागलहेडी प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर पीयूष दीक्षित गरीब बेसरा लोगों की सेवा करते आए हैं। जनपद सहारनपुर के गंगोह थाने में इंस्पेक्टर पीयूष दीक्षित ने गरीब परिवार वालों की शादी कराई। इंस्पेक्टर पीयूष दीक्षित ने कहा कि आपराधिक तत्वों को सुधरना होगा। थानाक्षेत्र में गौकशी, जुआ सट्टा, अवैध नशे का कारोबार, महिलाओं के प्रति अपराध बरदाश्त नहीं किए जाएंगे। गागलहेडी थाने का चार्ज सम्भालते ही इंस्पेक्टर पीयूष दीक्षित ने कहा कि पुलिस प्रशासन को सहयोग करने वाले अच्छे और सच्चे लोगों का पूरा सम्मान किया जाएगा लेकिन असामाजिक आपराधिक तत्वों के लिए उनके दिल में कोई जगह नहीं है। क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। यदि कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करेगा या आपराधिक मामले में लिप्त पाया जाएगा तो ऐसे व्यक्ति को बख़्शा नहीं जाएगा। थानाक्षेत्र में गौकशी, अवैध नशे का कारोबार, जुआ सट्टा, महिलाओं के प्रति अपराध बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक और गणमान्य लोग जागरूक रहें। और किसी भी घटना या अपराध के संबंध में उन्हें गुप्त सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इंस्पेक्टर पीयूष दीक्षित ने कहा गागलहेडी क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार कहीं पर भी हो रहा हो उसको कानून का पाठ पढ़ाया जाएगा क्योंकि नशा समाज को खोखला करने के अतिरिक्त युवाओं के जीवन से खिलवाड़ कर रहा है, जिन युवाओं पर देश के भविष्य की बागडोर है, अगर वे ही सही नही होंगे तो देश का क्या स्वरूप होगा, इसे आसानी से समझा जा सकता है। उन्होंने जनता से भी आह्वान किया है कि नशे के अवैध कारोबार की सूचना थाने को दें और उन समाज विरोधी तत्वों से बिल्कुल डरने की जरूरत नही है, उनकी जगह जेल में है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सम्मानित जनता 24 घंटे थाने पर आ सकती हैं। साथी बाइक चालकों से भी अनुरोध करते हुए कहा कि वह हेलमेट लगाकर ही यातायात करें क्योंकि पीछे आपके परिवार जन आपके लौटने की राह देख रहे है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की विचार गोष्ठी आयोजित हुई : सुंदर राणा

वेलकम इंडिया



**नोएडा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की एक विचार गोष्ठी एफ 9 सेक्टर 44 नोएडा में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता सुंदर सिंह राणा कार्यकारिणी अध्यक्ष ने की एवं संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश चौहान ने किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अजय शौन्कंर रहे।

जिसमें संगठन को मजबूत और विस्तार के लिए चर्चा हुई जिसमें उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ दीप सौरभ ने अपने विचार संगठन के सम्मुख रखें एवं दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान ने संगठन के विस्तार के बारे में चर्चा की और संकल्प लिया। दिल्ली प्रदेश कार्यकारणी के विस्तार करने का वादा किया इस बैठक में उत्तर प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह ने अपने विचार रखें। पी पी सिंह ने डॉ एस के सिंह को मेडिकल प्रकोष्ठ के संयोजक का नाम सभा के सामने रखा जिसको सर्व समिति से पास किया गया। आर के सिंह ने डॉ साहब के नाम की घोषणा की। तथा सभा में भावी योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रामवीर सिंह, मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष कवीश राणा, मेरठ मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, दीपक सिंह सिरोहा, ठाकुर जसवंत सिंह, सुरेंद्र यादव, कप्तान राजेंद्र गौड़, करण ठाकुर, वेद प्रकाश चौहान मोनिका चौहान आदि रहे।

# अवैध खनन पर किसानों का हल्लाबोल, तहसील परिसर बना रणक्षेत्र !

**वेल्कम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध खनन को लेकर मंगलवार को तहसील परिसर उस वक्त उबाल पर आ गया, जब भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों किसान धरने पर बैठ गए। ह्लखनन माफिया बंद करोह्व, ह्लकिसानों का हक दोह्व, ह्लतहसीलदार हाय-हायह्व और ह्लतहसील प्रशासन मुदार्बादह्व जैसे गगनभेदी नारों से पूरा तहसील परिसर गूंज उठा। कुछ देर के लिए माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया।

किसानों का आरोप था कि अवैध खनन से खेत, सड़कें और पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। इसी नाराजगी में किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरने की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि अब क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही नजीबाबाद में चल रही अन्य अवैध गतिविधियों पर भी सख्त कार्रवाई होगी, जिसमें होटलों और संदिग्ध ठिकानों पर कार्रवाई शामिल है। आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। धरने की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहितास सिंह ने की, जबकि संचालन व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष रामोद कुमार ने किया। मंच से चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा अवैध खनन शुरू हुआ तो किसान बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे। धरने में मंडल प्रभारी दलबीर चौधरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष अरुण चौधरी, तहसील अध्यक्ष नीरज चाहल, जिला प्रभारी शमशाद गुर्जर, गुड्डू, सिकंदर, विशाल चौधरी, राजकुमार फौजी, बरकत अली, महबूब अली, प्रमोद कुमार, सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। अब सवाल यह है कि प्रशासन अपने वादों पर कितना अमल करता है या फिर अवैध खनन का खेल फिर से शुरू होगा।

# वसीम कुरैशी की मदद से दुबई से नजीबाबाद आया युवक का शव

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद के युवक की दुबई में हुई थी मौत परिवार में मचा कोहराम। दस दिन के बाद वसीम कुरैशी की मदद से दुबई से नजीबाबाद पंहुचा शाहरुख का शव परिवार में मचा कोहराम। पूरा मामला दुबई के अबू धाबी का है जहाँ चार माह पूर्व नौकरी करने गये नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम अबकराबाद निवासी मोहम्मद शाहरुख पुत्र सईद अहमद 25 वर्ष की विगत 3 दिसम्बर को दुबई के आबू धाबी में अचानक मौत हो गईं थी। मृतक के परिजनों ने हाजी शमीम, हाजी यूनुस कुरैशी, अब्दुल वाहिद, सुल्तान खान आदि के माध्यम से नजीबाबाद निवासी वरिष्ठ समाजसेवी वसीम कुरैशी से संपर्क किया गया और मृतक की शव को इंडिया लाने के लिए वसीम कुरैशी से गुजारिश की गईं। वसीम कुरैशी ने तत्काल अपने सबसे अजीज भांजे मोबीन कुरैशी को आदेश किया। तत्काल उनके भांजे मोबिन कुरैशी ने लगभग चार-पांच दिनों तक कड़ी मेहनत की और मृतक शाहरुख के सारे कागजात की पूरी प्रक्रिया कराकर अपने निजी खर्चे पर मृतक के शव को दुबई से मोबीन कुरैशी के साथ इंडिया भेजी। जिसको मंगलवार को मृतक के शव को फ्री एम्बुलेंस के ड्राइवर सलीम कुरैशी के माध्यम से दिल्ली एयर पोर्ट से शव को उसके गांव तक पंहुचाया। जिसका आज दफीना कराया गया। आपको बता दे की वरिष्ठ समाजसेवी वसीम कुरैशी ने इससे पूर्व में भी कई शवों को अपने निजी खर्च पर इंडिया भेजना का कार्य किया है। जो की सराहनीय कार्य है। जैसे ही शाहरुख की लाश उसके गांव पहुंची तो अंतिम बार शाहरुख के शव को देखने के लिए सेकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## थाना अफजलगढ़ में न्यायालय के आदेश पर भारी मात्रा में मुकदमाती माल का नष्टीकरण



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**अफजलगढ़।** थाना अफजलगढ़ पर मंगलवार को माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में मुकदमाती माल का नियमानुसार नष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई माननीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नगीना महोदय द्वारा 28 अगस्त 2025 को पारित आदेश के क्रम में संपन्न हुई। प्राप्त विवरण के अनुसार धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 121 माल, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 59 माल तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 37 माल, जो माननीय न्यायालय द्वारा निर्णित किए जा चुके थे, का विधिवत नष्टीकरण किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा उक्त प्रक्रिया को पूर्ण कराने हेतु उपजिलाधिकारी धामपुर महोदया को नियुक्त किया गया था। उनके निदेर्शानुसार नायब तहसीलदार कपिल कुमार की देखरेख में थानाध्यक्ष अफजलगढ़ रामप्रताप सिंह, उपनिरीक्षक कमरूल हसन, हेड मोहर्रिर जगन्नाथ सिंह, शेरकोट लेखपाल छत्रपाल सिंह तथा क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिक अनिल नारायण सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समस्त मुकदमाती माल को नियमानुसार नष्ट किया गया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि पूरी कार्रवाई पारदर्शिता, सुरक्षा मानकों एवं विधिक प्रक्रिया के अनुरूप की गई। इस नष्टीकरण से थाना क्षेत्र में लंबित मुकदमों के निस्तारण की प्रक्रिया को गति मिली है तथा अवैध शस्त्रों व अवैध मदिरा से जुड़े मामलों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है।

# कोई भी पात्र व्यक्ति सूची से छूटे नहीं-मंडलायुक्त



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित रोल प्रेक्षक व मंडलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की उपस्थिति में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। मंडलायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद नाम बढ़ाने की कार्रवाई के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि यदि कोई शिकायत है तो बूथवार सूची उपलब्ध करा दें। हर स्तर पर सभी लोगों को जानकारी दी जा रही है। सभी बीएलओ संबंधित बीएलए से जानकारी शेयर करे। उन्होंने बताया कि एसआईआर के दौरान 20 प्रतिशत से अधिक नाम कटे है। यदि किसी बूथ पर गलत नाम अंकित है तो फॉर्म सात भरकर नाम कट जायेगा। बीएलओ स्वयं फॉर्म की फीडिंग कर रहे हैं।

मंडलायुक्त ने अपील करते हुए कहा कि एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण की अर्ह मतदाता नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए फार्म छह भरकर जमा करा दें। रविवार 18 जनवरी 26 को विशेष बूथ दिवस का आयोजन किया जा रहा है। छूटे हुए व नए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा लें। नए मतदाता फार्म छह के साथ घोषणा पत्र भरना अनिवार्य है। इसमें एसआईआर का विवरण भरा जाएगा।

# पीडब्ल्यूडी की लापरवाही उजागर: 8 घंटे में उखड़ी मरमम्त की सड़क



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर जहाँगीराबाद भईपुर दोराहे स्थित आरडीपीडी कॉलेज के बराबर से खरवा जाने वाली सड़क पर हुए मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि जिस रात इस सड़क का मरम्मत कार्य कराया गया, उसी की अगली सुबह से सड़क उखड़नी शुरू हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार यह सड़क मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा एक ठेकेदार को सौंपा गया था, लेकिन ठेकेदार ने नियमों और मानकों को ताक पर रखकर कार्य कराया। नतीजा यह रहा कि सड़क बनने के महज 8 घंटे के भीतर ही उखड़ने लगी, जिससे सरकारी धन की बबार्दी साफ नजर आ रही है। सड़क की हालत देखकर राहगीरों और वाहन चालकों में आक्रोश है इस संबंध में क्षेत्रीय महासभा के मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र राघव ने कहा कि सड़क निर्माण में बहुत ही घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है जिसकी शिकायत पी डब्ल्यू डी अधिकारियों से की जाएगी यदि सड़क का निर्माण ठीक तरीके से नहीं हुआ तो जल्द ही एक बड़ा आंदोलन इन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ किया जाएगा।

## युवाओं को नशे से दूर रहने की है जरुरत-अपर जिला जज



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश मोहन लाल विश्वकर्मा के निर्देशन में विगत एक सप्ताह से मनाए जा रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह कार्यक्रम का समापन स्वामी विवेकांनद जयंती के अवसर पर नूरुल करीम मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज बढ़या माफी सेमरियावा में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में हुआ। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज देवेंद्र नाथ गोस्वामी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में युवाओं को नशे से दूर रहने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणाश्रोत रहे हैं।12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र, अनुशासन और मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय युवा सप्ताह जनपद में विगत एक सप्ताह से मनाया जा रहा है। उन्होंने प्राधिकरण के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र व छात्राओं के तरफ से विभिन्न नाट्य मंचन कर नशे से दूर रहने की सीख दिया। कार्यक्रम में महेश एंड पार्टी के द्वारा संगीत के माध्यम से नाटक प्रस्तुत किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक मुनीरूल हसन चौधरी, सह प्रबंधक एजाज मुनीर, एडवोकेट जहीर अहमद, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव, जियाउद्दीन समेत काफी संख्या में विद्यालय के छात्र व छात्राएं व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# करीब 160 विद्युत कनेक्शन डीसी किए गए

**वेलकम इंडिया**



**राजाखेड़ा धौलपुर।** उपखंड राजाखेड़ा में संभागीय मुख्य अभियंता वीके अग्रवाल के आदेशानुसार और अधिशाषी अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में सहायक अभियंता आनंद तिवारी और उनकी टीम ने भारी बकाया राशि वाले गांव धारापुरा में बकाया राशि वाले 18 ट्रांसफार्मर करीब एक करोड़ दस लाख की बकाया पर उतार कर स्टोर कार्यालय में जमा किए गए करीब 160 विद्युत कनेक्शन डीसी किए गए। सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने लोगों से अपील की वे अपना बिल समय से जमा करे ।विद्युत लाइन से छेड़छाड़ न करें ।आप की लापरवाही आप को जान की दुश्मन भी हो सकती है ।लोगों को बकाया बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया ।कार्यवाही टीम में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल और कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड के साथ वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश शर्मा, लाइन मैन राजूलाल, राजवीर सिंह वीरेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, अकिल खा, यूनिश खा, शमशेर खां, के अलावा अन्य तकनीकी कर्मचारी और पुलिस जाप्ता साथ था।

## जनपद व तहसील मुख्यालय जाने के लिए नहीं है सरकारी बस सेवा

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के ग्रामीणों को जनपद व तहसील मुख्यालय आने जाने का कोई साधन नहीं हो सका है। जो कि ग्रामीणों की परेशानी का कारण बना हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं।

सेमरियावा ब्लाक के दुधारा, कोहरियावा, परसाशेख, रक्शाकला, पिपराहंकार, पचावा, अहिरौली, मोहम्मदगढ़, टेकन्सा आदि दर्जनों गांवों को जनपद स्थापना के 29 वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकारी बस सेवा की सुविधा नहीं मिल सकी है। पांच सितम्बर 1997 को जनपद संतकबीरनगर की स्थापना हुई थी तब लोगों में आस जगी थी कि अब सफर की दुश्वारियों से निजात मिलेगी लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण क्षेत्रीय ग्रामीणों की उम्मीदो पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

# सतीश साहनी लखनऊ में किये गये सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गाँधी के जन्मदिन पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिंद ने कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व कांग्रेस फिशरमैन कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश कुमार साहनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, सैयद तारिक हुसैन, दिलशाद अफसर, अरुण पाण्डेय, नीलम चतुर्वेदी, अहमद जमाल अंसारी, डॉ. अखिलेश शर्मा, मौलाना सेराज अहमद, रियाज अहमद, मु. परवेज अख्तर, मोईन अंसारी, निसार अहमद, महेश कुमार, मोहम्मद इब्राहिम, राजाराम आर्या, नजरुल हसन अंसारी, शहजाद अहमद, मोहम्मद तव्वाब, मोहम्मद जाहिद आदि ने बधाई दिए हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने बाडी सदर व सरमथुरा पुलिस थानों का निरीक्षण कर कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बाडी सदर एवं सरमथुरा पुलिस थानों का निरीक्षण किया। थानों के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थानों के रिकॉर्ड आदि का अवलोकन किया तथा लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने थानाधिकारियों के साथ बैठक कर थाना इलाको में अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।। पुलिस गश्त व्यवस्था मजबूत करने, आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने संहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी को पूरी करते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए लगातार काम करते रहना चाहिए। संवेदनशील मामलों का जल्द निपटारा हो। क्योंकि अगर ऐसे मामलों में देरी होती है तो अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। थाना क्षेत्र में अपराधियो एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस को आम जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को जाना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड़, थानाधिकारी थाना बाड़ी सदर मौहर सिंह मीणा एवं थानाधिकारी थाना सरमथुरा हरेन्द्र सिंह उपस्थित रहें।

# अच्छा सेमेस्टर बचाएं लोगों की जान - वैभव शर्मा

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान ।** राजस्थान सरकार द्वारा मनाया जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन विभाग की ओर से जारी किए गए गुड्स सिमेरिटन स्टीकरों का अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने विमोचन किया। उन्होंने कहा कि आप अच्छी मददगार के रूप में जहां मानव धर्म निभाते है। वहीं सरकार ऐसे अच्छे मददगारों को प्रोत्साहन राशि देने का काम कर रही है। इसलिए इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और लोगों की जान बचाएं।

उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग के साथ यातायात पुलिस निरंतर वाहन चालकों के साथ समझाइश का काम कर रही है। लेकिन अभी भी अधिकांश युवा यातायात नियमों की पालना नहीं कर रहे और अपने जीवन को जोखिम में डाल रहे हैं। परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का संचार करना है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव के दिशा निर्देशन में विभाग इस क्षेत्र में कार्य कर रहा है। सरकार द्वारा गुड सिमरिटर्न और राहवीर योजना के प्रचार प्रसार के लिए स्टीकरों का विमोचन कराया गया है ?। जिन्हें वाहन चालकों के वाहनों पर लगवाया जाएगा। जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि अच्छा मददगार वह होता है जो गोल्डन अवार्स में घायल को चिकित्सालय पहुंचाएं ऐसे सभी मददगारों को सरकार की ओर से 10000 रुपए की सम्मान राशि से सम्मानित किया जाता है।

इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में खड़े हुए वाहनों पर स्टीकर लगाए गए।

# गढ़मुक्तेश्वर में 200 छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की आशुतोष शर्मा

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर में समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा के द्वारा पाठ्य सामग्री वितरित की गई

आशुतोष शर्मा ने बताया शिक्षा को लेकर हमारा अभियान चल रहा है। जिसके तहत 5000 छात्र छात्रों को गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में पाठ्य सामग्री वितरित की जानी है गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका के वार्ड नंबर 23 में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं को इसी कड़ी में पाठ्य सामग्री बाटी गई और सभी छात्र-छात्राओं को जीवन में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया वार्ड नंबर 23 से सभासद विनय यादव नरेंद्र सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी अंकित भड़ाना आदि लोग कार्यक्रम में शामिल रहे।और छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया।गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के 50 से अधिक इंटर कॉलेज और स्कूलों में छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री बाटी जानी है।इसके लिए आशुतोष शर्मा की टीम लगातार कार्य कर रही है।और अब तक 1000 से अधिक बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की जा चुकी है गढ़ गंगा विश्वविद्यालय को लेकर भी लगातार आशुतोष शर्मा की टीम आवाज उठा रही है। और 23 जनवरी को गढ़ गंगा विश्वविद्यालय संकल्प यात्रा गढ़मुक्तेश्वर में होने जा रही है। गढ़ गंगा विश्वविद्यालय संकल्प यात्रा में हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है जो अपने हक और अधिकार के लिए 23 जनवरी को गढ़मुक्तेश्वर में एकत्रित होंगे।



# सड़क और पार्कों में ऊंचे पेड़ों की मशीन से होगी सफाई-धुलाई

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** आने वाले दिनों में नगर निगम द्वारा सड़क किनारे और पार्कों में ऊंचे पेड़ों की सफाई और धुलाई एक फैंटम सुपर कोलॉजी यूरोपीय मशीन के जरिये की जायेगी, ताकि पत्तियों और तनों पर मौजूद स्टोमेटा (सूक्ष्म छिद्रों) से मंदगी और प्रदूषकों को हटाकर पेड़ों को और अधिक ऑक्सीजन वातावरण में छोड़ने लायक बनाया जाए।इस मशीन से सड़कों और फुटपाथों तथा निर्माण स्थलों पर उच्च मात्रा वाले जल के छिड़काव से धूल के कणों को भी कम किया जा सकता है। दिल्ली की एक कंपनी द्वारा फैंटम सुपर कोलॉजी यूरोपीय मशीन का आज यहां गैराज परिसर में डेमो दिखाया गया।कंपनी के डायरेक्टर पंकज अरोड़ा ने डेमो के दौरान महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि व मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश कुमार को बताया कि यह मशीन पर्यावरण संरक्षण के लिए वरदान साबित हुई है। यह पौध संरक्षण उत्पादों के उपयोग की नवीन विधियों में विश्व स्तर पर प्रचारित और प्रसारित है। अरोड़ा ने बताया कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण के कारण शुष्क और गर्म हो चुके क्षेत्रों, विशेषकर लाल बत्ती वाले स्थानों और धीमी गति वाले यातायात क्षेत्रों में नमी बनाये रखने में भी यह मशीन बहुत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मक्खी-मच्छरों, ततैयों, टिड्डियों आदि के नियंत्रण के लिए किये जाने वाले छिड़काव तथा कम्पोस्टिंग केंद्रों, कूड़ा डम्पिंग स्थलों, कूडेदानों आदि में भी दुर्गन्ध का उपचार करने में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। महापौर व नगरायुक्त के पूछे जाने पर उन्होंने मशीन की अन्य उपयोगिताओं की जानकारी देते हुए मशीन के तकनीकी उपयोग आदि के सम्बंध में भी जानकारी दी।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की समीक्षा बैठक



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़** जनपद के मुख्य विकास अधिकारी हिमाशु गौतम की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक में समिति में आय के साधन बढाये जाने हेतु मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई ह्न जिस पर विचार करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को शराब लाइसेंस पर प्राप्त धनराशि से कुछ धनराशि समिति के खाते में जमा कराए जाने हेतु निर्देशित किया एवं जिम व स्विमिंग पूल के रजिस्ट्रेशन कराए जाने हेतु क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित किया। जिले में निमार्णाधीन स्पोर्ट्स स्टेडियम का कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया। बैठक में उपजिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, आबकारी आधिकारी, खेल सचिव एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

# आरकेजीआईटी (फामेर्सी) को मिला प्रतिष्ठित सम्मान

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद,**( अनिल वशिष्ठ)। आरकेजीआईटी (फामेर्सी) गाजियाबाद ,ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। एकेडमिक इनसाइट्स द्वारा आयोजित समारोह में संस्थान को ह्लडिस्टिंग्विश्ड फामेर्सी कॉलेज ऑफ द ईयर 2025 झ्र नॉर्थह्व पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह आयोजन हयाट सेंट्रिक, बेंगलुरु में संपन्न हुआ। यह सम्मान संस्थान के संकाय, स्टाफ और विद्यार्थियों की सामूहिक निष्ठा, शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचारपूर्ण शोध का प्रमाण है। आरकेजीआईटी ने फामेर्सी शिक्षा में नए मानक स्थापित करते हुए भविष्य के पेशेवरों के सर्वांगीण विकास की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है।संस्थान ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने नेतृत्व दल और पूरे आरकेजीआईटी परिवार को दिया है। यह सफलता सभी की साझा मेहनत और समर्पण का परिणाम है। पुरस्कार ग्रहण करते हुए डॉक्टर मोनिका सचदेवा, प्रिंसिपल, आर के जी आई टी,फामेर्सी और अभिनव बंसल, बिजनेस हेड , आर के जी ग्रुप ,ने समस्त फैकल्टी मेंबर्स और टीम मैनेजमेंट को आभार प्रकट करते हुए बधाई दी!

वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल, आर के जी ग्रुप, आर के जी,ग्रुप एडवाइजर डॉक्टर लक्ष्मन प्रसाद ,एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आर के जी ग्रुप - डॉक्टर डी के चौहान ,डायरेक्टर आर के जी आई टी - बी सी शर्मा, एच सी गर्ग चीफ प्रॉक्टर, आर के जी आई टी, डॉक्टर विपुल गोयल, एच आर हेड , आर के जी आई टी,ने संयुक्त रूप से पूरे आर के जी आई टी परिवार को बधाई दी और और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया !




# समाजसेवी पं.ज्ञानेश्वर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। समाजसेवी पं.ज्ञानेश्वर को जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक डॉ.मंजू शिवाच पूर्व चेयरमैन रामआसरे शर्मा चेयरमैन विनोद वैशाली ज्योतिषाचार्य कुंजबिहारी वशिष्ठ ब्राह्मण समाज के नरेश कौशिक युवा भाजपा जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा भाजपा महानगर महामन्त्री गोपाल अग्रवाल संजय शर्मा मुक्तेश मोहन आदित्य मोहन मुकेश भारद्वाज गोपाल भारद्वाज कार्तिक भरद्वाज वैभव शर्मा प्रीति ज्योति शर्मा अर्चना शर्मा प्रीति हिमानी आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## अमृत 2.0 योजना के तहत नगर पंचायत उसका बाजार के विकास पर मिली बड़ी सौगात



**सिद्धार्थनगर।** अमृत 2.0 योजना के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू जायसवाल व प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल के अथक प्रयास से नगर पंचायत उसका बाजार के विकास पर बड़ी सौगात मिली है। आपको बता दें कि नपं उसका बाजार में बहुप्रतीक्षित पेयजल योजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिली है, जिसके क्रम में उ0प्र0 शासन द्वारा ?2969.52 लाख की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी गई है और ?582.86 लाख की पहली किश्त जारी हुआ है। वहीं पेयजल संकट से जूझ रहे नगर पंचायत वासियों को जल्द बड़ी राहत मिलेगी। हर घर तक शुद्ध व सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को लेकर आधुनिक तकनीक से जलापूर्ति व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण होगी। वहीं नपं उसका बाजार में पुरानी व जर्जर पाइप लाइनों को बदलकर नई पाइप लाइन बिछाई जायेगी। वहीं जल की बबार्दी रोकने के लिए लीकेज–फ्री सिस्टम लागू होगा। केन्द्र व राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से परियोजना का क्रियान्वयन होगा। अमृत 2.0 मिशन के तहत शहरी बुनियादी ढांचे को नई मजबूती मिलेगी। आपको बता दें कि प्रशासन ने निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिये हैं।

# मोदी इण्डस्ट्रीज द्वारा असहाय, निर्धन व्यक्तियों को कंबल बांटे गए

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। मोदी इण्डस्ट्रीज लि० (मोदी शुगर मिल) मोदीनगर द्वारा रेलवे रोड स्थित मोदी हास्पिटल में लगभग 600 असहाय, निर्धन व्यक्तियों को इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किये गये।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर श्रीमति मंजु शिवाच एवं नगर पालिका परिषद, मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली ने कम्बल वितरित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधायक महोदया द्वारा सेठ उमेश कुमार मोदी द्वारा उद्योगों के क्षेत्र के साथ साथ सामाजिक एवं जनता की भलाई में किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की तथा आश्वासन दिया कि मोदीनगर के विकास में जनहित के कार्यों के साथ साथ विकास कार्यों पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मोदीनगर नगरपालिका परिषद के चेयरमैन विनोद वैशाली, चीफ एग्जीक्यूटिव एन०पी० बंसल, वेदपाल सिह मलिक, महाप्रबन्धक (पी०आर०) डी०डी० कौशिक, राहुल त्यागी जनरल मैनेजर (केन) तथा सुदेश शर्मा डिप्टी जनरल मैनेजर (कामर्शियल), नवल किशोर गुप्ता के साथ साथ मोदी हास्पिटल के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# रूदौली पुलिस ने चोरी की घटना का पर्दा फाश कर एक को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**अयोध्या** कोतवाली रूदौली पुलिस ने चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति के दौरान चोरी की घटना में लिप्त एक अभियुक को गिरफ्तार कर लिया जिनके पास से एक टीन तेल, एक सौ चालीस पैकेट बिस्किट,319 पैकेट नमकीन एवं स्नैक्स,80 पैकेट गुब्बारा, घटना में प्रयुक्त एक ई रिक्शा बरामद किया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली पुलिस वांछित अभियुक्त के तलाश, संदिग्ध व्यक्ति की चैकिंग कर रही थी, तभी प्रभारी निरीक्षक रुदौली संजय मौर्य अपने हमराही उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह उप निरीक्षक दयाराम कांस्टेबल प्रसून सिंह राधेश्याम के साथ दौरान चेकिंग चोरी की घटना में लिप्त एक अभियुक्त मोहिद पुत्र स्वर्गीय तौहीद निवासी गोरखडा मजरे करीमपुर रुदौली को गिरफ्तार कर लिया।जिनके पास से एक टीन तेल, एक सौ चालीस पैकेट बिस्किट,319 पैकेट नमकीन एवं स्नैक्स,80 पैकेट गुब्बारा, घटना में प्रयुक्त एक ई रिक्शा बरामद किया।





# मंडलायुक्त ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों का किया निरीक्षण

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित रोल प्रेक्षक व मंडलायुक्त बस्ती मंडल बस्ती अखिलेश सिंह एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा मंगलवार को जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों के पोलिंग केन्द्रों का मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों का निरीक्षण किया।

उन्होंने विधानसभा डुमरियागंज के जमालजोत, इटवा विधानसभा के मधवापुर, शोहरतगढ़ विधानसभा के ढ़ेबरूआ व बढ़नी के नजरगढ़वा, कपिलवस्तु विधानसभा के लंगड़ी सनई बूथों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने बीएलओ से मतदाता सूची के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सूची से छूटे नहीं।रोल प्रेक्षक व मंडलायुक्त बस्ती मंडल बस्ती अखिलेश सिंह ने बीएलओ को निर्देश दिया कि फार्म-6 फार्म-7 एवं फार्म-8 को भरवाकर समय से फीडिंग करायें। अर्हता तिथि 01.01 2026 के आधार पर 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करायें। कोई भी नया मतदाता छूटना नहीं चाहिए। जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गयी है या जिनकी शादी हो गयी है उनका नाम मतदाता सूची से हटवाये। उन्होंने निर्देश दिए कि फार्म-6 भरने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के नाम सूची में जोड़े जाएं और गलत तस्वीरों को चिह्नित कर बदलवाया जाए। उन्होंने बीएलओ से फार्म के साथ लए जा रहे घोषणा पत्रों के बारे में भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने यह भी कहा कि मतदाता सूची में नाम, आयु या वर्तनी संबंधी किसी भी त्रुटि को तत्काल दूर किया जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम गौरव श्रीवास्तव, एडीएम न्यायिक ज्ञान प्रकाश, एसडीएम इटवा कुणाल एसडीएम नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, लेखपाल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और संबंधित बूथों के बीएलओ उपस्थित रहे।



# हर साल गेहूं की फसल में आग से लगने से होता है भारी नुकसान

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर में हर वर्ष गेहूं की फसल में लगने वाली आग किसानों के लिए गम्भीर संकट बनती जा रही है। आगजनी की घटनाओं में जिले भर में सैकड़ों बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो जाती है, जिससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। महीनों की मेहनत और उम्मीद के साथ बोई गई फसल पल भर में नष्ट हो जाने से किसान कर्ज और भुखमरी की कगार पर पहुंच जाते हैं। वर्तमान समय में गेहूं की सिंचाई का दौर चल रहा है और आने वाले दिनों में फसल पकने की अवस्था में प्रवेश करेगी। ऐसे में खेतों में आग लगने की घटनाओं की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस और प्रभावी रणनीति नजर नहीं आ रही है। न तहसीलों में दमकल कर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है और न ही दमकल वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। नव युवक ग्राम विकास समिति के संरक्षक एवं समाजसेवी राम वृक्ष गुप्ता ने इस गम्भीर समस्या पर चिन्ता जताते हुए प्रशासन से मांग की है



# बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं पर सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल ने की। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और कई अहम निर्देश जारी किए गए। सीडीओ ने पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निदेशों पर हुई प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान सभी डीसी, एसआरजी और डायट से जुड़े अधिकारियों के कार्य एवं दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने विद्यालयों में डेस्क-बेंच की आवश्यकता का आकलन करने के निर्देश देते हुए कहा कि एआरपी अपने-अपने क्षेत्रों में मांग की जानकारी एकत्र कर अगली बैठक से पहले प्रस्तुत करें। सीडीओ ने शिक्षकों को 'संपर्क ऐपज्के माध्यम से शिक्षण कार्य को और प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर में शिक्षकों की ड्यूटी लगने के बावजूद बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए विद्यालय स्तर पर ठोस योजना बनाई जाए। बैठक में सुझाव दिया गया कि इसके लिए वॉलिंटियर्स, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, सेवानिवृत्त शिक्षकों और पूर्व छात्रों की मदद ली जा सकती है। विद्यालयों को 'निपुणज्बनाने की योजना पर खंड शिक्षा अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीटीएम को सफल बनाने के लिए एसआरजी और डीसी द्वारा बनाई गई योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया गया। सीडीओ ने कहा कि शिक्षक विभिन्न शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर तरीके से प्रबंधित करें और प्राथमिकता तय कर कार्य करें। बैठक में डीटीएफ और बीटीएफ बैठकों को नियमित कराने, अधिकारियों से तिथियां तय करने और सभी निरीक्षण समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में 'निपुण प्लस ऐपज के अधिकतम उपयोग पर भी जोर दिया गया। संघर्षशील विद्यालयों पर विशेष ध्यान देने और 4 दिसंबर से प्रस्तावित निपुण आंकलन के लिए एआरपी और एसआरजी को संयुक्त रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने बताया कि 'चिंपल ऐपज का अभी केवल 83 प्रतिशत डाउनलोड हुआ है, जिसे शीघ्र 100 प्रतिशत किया जाए। शिक्षकों को बच्चों को नियमित रूप से कार्य असाइन करने के निर्देश दिए गए। जिन विद्यालयों में नेटवर्क या संपर्क की समस्या है, उनकी सूची बीईओ को देने को कहा गया, ताकि कंटेंट सिंक कराने की व्यवस्था की जा सके। जिन स्कूलों में इस माह ऐप का उपयोग नहीं हुआ, उनके साथ बैठक कर उपयोग बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नियमित निरीक्षण, निमार्णाधीन कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने और पिछड़े विद्यालयों में एआरपी द्वारा कार्ययोजना बनाकर नामांकन व शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक के दौरान सीडीओ श्री अभिनव गोपाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल, स्वच्छ वातावरण और पौष्टिक मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बीएसए के माध्यम से सभी बीईओ को निर्देश दिए कि एक माह के भीतर सभी विद्यालयों में फर्नीचर की आवश्यकता, स्वच्छता, बिजली-प्रकाश, पेयजल, शौचालय और मिड-डे-मील से संबंधित समस्याओं की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

# लोटस सृष्टि सोसायटी में लगा जनसेवा का महाकैंप

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को लोटस सृष्टि सोसायटी, क्रॉसिंग रिपब्लिक में मंगलवार को जनहितकारी शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डाक विभाग भारत सरकार, स्वास्थ्य विभाग एवं श्रेया आई सेंटर के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड एवं निःशुल्क नेत्र जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक संजीव शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ओमवीर वीरवार (सेवानिवृत्त आईएएस) एवं के.ई. शर्मा भारतीय उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आमजन को सरकारी योजनाओं से जोडे का सशक्त माध्यम हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना ही जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, वहीं 18 वर्ष तक की आयु के नए आधार कार्ड भी तैयार किए गए। इसके साथ ही विभिन्न आयु वर्ग के नागरिकों के आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन एवं अपडेट की सुविधा भी दी गई। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की आंखों की जांच की गई और आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने बताया कि यह शिविर उनके जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा का हिस्सा है।

# डूंडाहेड़ा, शांति नगर और सेन विहार के हजारों परिवारों के लिए जगी उम्मीद, नगर विकास मंत्री ने आवश्यक कार्यवाही का दिया आश्वासन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 27 अंतर्गत डूंडाहेड़ा, शांति नगर, सेन विहार सहित कई मोहल्लों के निवासियों के लिए लंबे समय से चली आ रही सीवर समस्या से राहत की उम्मीद जगी है। वर्षों से क्षेत्रवासी सीवर लाइन के अभाव में गंदगी, दुर्गंध और जलभराव जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे थे। इन हालातों में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा था और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम लगातार बढ़ते जा रहे थे। क्षेत्रवासियों की इस पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए शहर विधायक माननीय संजीव शर्मा ने जनहित में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने 23 अक्टूबर 2025 को उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास मंत्री माननीय ए.के. शर्मा को पत्र लिखकर वार्ड 27 की ज्वलंत समस्या से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग की। विधायक का यह प्रयास उनके संवेदनशील और जनसेवी नेतृत्व को दशार्ता है, जिसमें जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी गई।

अब इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति सामने आई है। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा द्वारा इस विषय पर आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र प्राप्त हुआ है। इसे वार्ड 27 के हजारों परिवारों के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। यह पहल न केवल सीवर व्यवस्था के सुधार की दिशा में कदम है, बल्कि स्वच्छ वातावरण, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ता हुआ मजबूत प्रयास भी है। मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा द्वारा मामले का त्वरित संज्ञान लेने और सहयोग प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधायक संजीव शर्मा के सतत प्रयासों और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के कारण ही आज क्षेत्रवासियों के बीच आशा की नई किरण दिखाई दे रही है। क्षेत्र के लोगों को अब विश्वास है कि शीघ्र ही सीवर लाइन की समस्या का स्थायी समाधान होगा और वार्ड 27 के नागरिकों को गंदगी, जलभराव और बीमारियों से राहत मिलेगी।

जनप्रतिनिधियों की यह सक्रियता यह संदेश देती है कि जनता की आवाज को शासन तक पहुंचाकर ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

# उद्योग व्यापार मंडल में गाजियाबाद के व्यापारियों को मिली नई जिम्मेदारी, सभा में हुआ भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में गाजियाबाद के लोहिया नगर क्षेत्र के दो प्रमुख व्यापारियों को संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए। महानगर उद्योग व्यापार मंडल की ट्रांसपोर्ट इकाई से जुड़े विकास जैन और विपिन सिंगल को महानगर स्तर पर उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इस घोषणा के साथ ही व्यापारियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। सभा में उपस्थित महानगर अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान, महामंत्री अशोक चावला, जिला महामंत्री राजदेव त्यागी तथा युवा महानगर अध्यक्ष विपिन गोयल ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि उनके अनुभव और सक्रियता से संगठन और अधिक मजबूत होगा। नवनियुक्त उपाध्यक्ष विकास जैन और विपिन सिंगल ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापार मंडल ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे व्यापारियों की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और व्यापारी हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारियों के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं और ऐसे में संगठन को मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता है। विकास जैन और विपिन सिंगल जैसे अनुभवी व्यापारियों के उपाध्यक्ष बनने से महानगर उद्योग व्यापार मंडल की ट्रांसपोर्ट इकाई को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। सभा के समापन पर सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने दोनों नवनियुक्त उपाध्यक्षों के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन व्यापारियों के हितों के लिए और प्रभावी ढंग से कार्य करेगा।

# पेयजल पर खतरे की घंटी, 26 इलाकों के पानी में मिला ई-कोलाई, डायरिया समेत जलजनित बीमारियों का बढ़ा खतरा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों और बीमारियों की घटना के बाद गाजियाबाद में भी पेयजल की गुणवत्ता को लेकर गंभीर चिंता सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराई गई जांच में शहर के 26 क्षेत्रों के पेयजल नमूनों में ई-कोलाई बैक्टीरिया पाए जाने की पुष्टि हुई है।

यह बैक्टीरिया डायरिया सहित कई घातक जलजनित बीमारियों के फैलाव का प्रमुख कारण माना जाता है। जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. आर.के. गुप्ता ने बताया कि जिले के विभिन्न इलाकों से कुल 320 पेयजल नमूने एकत्र कर जांच कराई गई थी। इनमें से 26 स्थानों के नमूने असंतोषजनक पाए गए, जिनमें मुख्य रूप से ई-कोलाई बैक्टीरिया की मौजूदगी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि यह स्थिति जनस्वास्थ्य के लिहाज से गंभीर है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। डॉ. गुप्ता ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दूषित जल स्त्रोतों की पहचान कर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि आमजन को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे पानी के स्त्रोतों की शुद्धता को लेकर सतर्क रहें और संदिग्ध या दूषित पानी का सेवन न करें। एपिडिमियोलॉजिस्ट डॉ. शिवि अग्रवाल ने बताया कि जांच के दौरान लोनी क्षेत्र के राजीव गार्डन, संगम गार्डन और राजीव चौक, मोदीनगर के बेगमाबाद स्थित सार्वजनिक वाटर कूलर और देवेंद्रपुरी के हैंडपंप, फाफरना बस्ती व मदनपुरा के हैंडपंप, सिद्धार्थ विहार, लाल क्वार्टर और खैरातीनगर की लमार कॉलोनी के हैंडपंप में गंदगी और बैक्टीरिया पाया गया।

# जीडीए सचिव ने विभिन्न अनुभागों का किया निरीक्षण, समयबद्ध व पारदर्शी कार्य के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के सचिव विवेक मिश्रा द्वारा सोमवार को प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया और सिंगल विंडो सिस्टम को अपडेट कर जनसामान्य को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

सचिव महोदय ने अनुभागों में संचालित कार्यों, फाइलों के निस्तारण, अभिलेखों के रख-रखाव तथा कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा आमजन से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और रिकॉर्ड प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए। सचिव महोदय ने कहा कि प्राधिकरण की कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार कर नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना जीडीए की प्राथमिकता है। निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हत्या के आरोपियों से मुठभेड़, पुलिस फायरिंग में दो बदमाश लंगड़े, तीसरा गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस और हत्याभियुक्तों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाशों को गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उनके तीसरे साथी को भी पुलिस ने दबोच लिया। यह कार्रवाई एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में ट्रोनिका सिटी थाना प्रभारी मनोज कुमार की टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार 6 जनवरी को जैन कॉलोनी के जंगल में वजीराबाद निवासी सूफियान उर्फ भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज हत्याकांड के खुलासे के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी संदीप निवासी हनुमान चौक, जगतपुर वजीराबाद दिल्ली और दिव्यांशू निवासी राज कॉलोनी, चमन विहार, विजय विहार अंकुर विहार को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही उनके साथी साहिल को भी हिरासत में लिया गया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस टीम जब संदीप और दिव्यांशू को हत्या में प्रयुक्त तमंचों की बरामदगी के लिए जैन कॉलोनी, सिग्नेचर सिटी क्षेत्र में लेकर पहुंची, तो दोनों ने छिपाए गए तमंचों से अचानक पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी और वे मौके पर ही घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें काबू में लेकर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने सूफियान हत्याकांड में प्रयुक्त दो तमंचे और कारतूस भी बरामद कर लिए। एसीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक सूफियान और आरोपियों के बीच वर्चस्व को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते इस हत्या को अंजाम दिया गया। पुलिस का कहना है कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। इस सफल कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई का संदेश गया है।

# कोहरे ने ली एक्सप्रेस-वे पर परीक्षा, खड़े ट्रक से भिड़ी कार, तीन गंभीर घायल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह घने कोहरे ने एक बड़ा हादसा करा दिया। भोजपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव के निकट सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से कार जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हापुड़ के हिमायूं नगर निवासी मईनुद्दीन, वसीम और फैजल मंगलवार सुबह किसी निजी कार्य से कार द्वारा मेरठ की ओर जा रहे थे। सुबह के समय दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर चढ़ते ही घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई थी। जैसे ही उनकी कार सैदपुर गांव के पास पहुंची, सड़क किनारे खड़ा ट्रक कोहरे के कारण दिखाई नहीं दिया और कार अनियंत्रित होकर पीछे से ट्रक में जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और तीनों सवार अंदर फंस गए। सूचना मिलते ही एक्सप्रेस-वे की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकाला। खून से लथपथ हालत में तीनों को तत्काल मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीछे से आ रहे अन्य वाहनों को दुर्घटनाग्रस्त कार से टकराने से बचाने के लिए क्रेन की मदद से कार को तुरंत सड़क किनारे हटाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू की जा सकी।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी सख्त, शिकायत निस्तारण के बाद फीडबैक लेना अनिवार्य

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनसुनवाई में लगातार बढ़ रही शिकायतों की संख्या इस बात का संकेत है कि आमजन को प्रशासन से न्याय और समाधान की अपेक्षा है। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थी की समस्या को गंभीरता से सुना और उनसे यह भी जाना कि क्या उन्होंने पूर्व में संबंधित विभाग को इस संबंध में कोई शिकायत दी थी या नहीं। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि उसका प्रभावी और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, वहां मौके पर जाकर जांच करने के बाद ही समस्या का समाधान किया जाए, ताकि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण के उपरांत संबंधित शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना अनिवार्य किया जाए। डीएम ने कहा कि जन शिकायतों का समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को सदैव तत्पर रहते हुए संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी (ई) ज्योति मौर्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और मौके पर ही कई शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश जारी किए गए।

